चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 76, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 13 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**विपक्षी दल इस महीने के अंत में एक और बैठक करेंगे, इस दौरान खरगे और नीतीश सभी से बात करेंगे**

## 'विपक्ष को एक करने की दिशा में कदम'




**नई दिल्ली:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने उनके दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस दौरान खरगे के साथ ही मौजूद रहे। सभी नेता विपक्षी एकता के मुद्दे को लेकर आपस में बैठक कर रहे थे। इस दौरान सिर्फ तेजस्वी ने कुछ नहीं बोला बाकी सभी नेताओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। सभी विपक्षी नेताओं ने एकजुट होने पर सहमति दी है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दल इस महीने के अंत में एक और बैठक करेंगे। इस दौरान खरगे और नीतीश सभी से बात करेंगे।

**एकजुटता दिखाकर लड़ना है:** इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी पार्टियों को एकजुट करना और एक होकर आगे जो चुनाव आएंगे, उस चुनाव में एकजुटता दिखाकर लड़ना और यह हमारा निर्णय हुआ है। हम सब उसी रास्ते पर काम करेंगे। तेजस्वी जी, नीतीश जी, सभी हमारे नेतागण जो यहां बैठे हैं। हम सब उसी लाइन पर काम करेंगे।

**गठबंधन को एकजुट करने का प्रयास:** वहीं, नीतीश कुमार ने कहा कि गठबंधन को एकजुट करने का प्रयास किया गया है। हम सब साथ बैठेंगे और चीजों को तय किया गया है। हम लोगों की इस पर अंतिम तौर पर बात हो गई है। जितने लोग हमारे साथ सहमत होंगे, हम उनके साथ भी बात करेंगे। साथ में बैठने तो दीजिए, हम लोगों को।

**विपक्ष का नजरिया विकसित करेंगे: राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने कहा कि जो नीतीश जी ने कहा कि विपक्ष को एक करने में बहुत एतिहासिक कदम लिया गया है। कितनी विपक्षी पार्टियों को इकट्ठा करना है। ये एक प्रक्रिया है। विपक्ष का जो भी नजरिया है, उसे हम विकसित करेंगे और जो भी पार्टियां विचारधारा की लड़ाई में साथ आना चाहती हैं उसको लेकर चलेंगे।

जो संस्थानों पर आक्रमण हो रहा है, देश पर आक्रमण हो रहा है, उसके खिलाफ हम लड़ेंगे। गौरतलब है कि बिहार में राजद-जदयू और कांग्रेस का गठबंधन है। तीनों ही पार्टियां इस महागठबंधन के अंतर्गत बिहार और लोकसभा चुनाव में भाजपा का सामना करने के कदमों पर चर्चा कर चुकी हैं।

### महाठग बंधन बना रहा विपक्ष : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली: केन्द्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों पर एक बार फिर हमला बोला है। विपक्षी एकता पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब भ्रष्टाचार में लिप्त राजनीतिक दल एक साथ आते हैं तो वे 'महा ठग बंधन' बनाते हैं। उनकी कोई नीति नहीं है, नेतृत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें वोट नहीं देंगे। 2014, 2019 और यूपी चुनावों के दौरान भी उन्होंने इस 'महा ठग बंधन' का गठन किया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ क्योंकि लोग उनके बारे में जानते हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक की। बैठक में देश के मौजूदा राजनीतिक हालात और अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी दलों को एकजुट करने के संदर्भ में चर्चा की गई।

## जवानों पर दो नकाबपोशों ने चलाई थीं गोलियां



**बठिंडा: बठिंडा** मिलिट्री स्टेशन फायरिंग केस में पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बठिंडा मिलिट्री स्टेशन फायरिंग की घटना के बारे में जानकारी दी है। अभी तक की जांच में पता चला है कि अपनी ड्यूटी के बाद चार जवान अपने कमरे में सो रहे थे, तभी सफेद कुर्ता पजामा पहने दो नकाबपोशों ने उन पर राइफलों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में सुबह 4:35 बजे फायरिंग की घटना के दौरान आर्टिलरी यूनिट के चार जवानों की गोली लगने से मौत हो गई थी। अधिकारियों की ओर से मिलिट्री स्टेशन में मारे गए चार जवानों के नाम जारी किए गए हैं।

### अब मिलेट से बदलेगी किसानों की तस्वीर : सीएम धामी

**देहरादून: मुख्यमंत्री** ने कहा कि अब मिलेट को लेकर तस्वीर बदल रही है, इसका कारण लोगों का मोटे अनाजों के प्रति नजरिया भी बदला है।

मिलेट्स को लेकर देश में कई स्टार्टअप भी प्रारंभ हुए हैं,जो न केवल किसानों को फायदा पहुंचा रहे हैं बल्कि लोगों को रोजगार भी दिला रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री ने इसे श्री अन्न की संज्ञा दी है। बुधवार को मसूरी के एक होटल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मिलेट्स-2023 के अन्तर्गत आयोजित क्षमता और अवसर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

## राजस्थान को पहली वंदे भारत मिली




**जयपुर-जयपुर**-राजस्थान को बुधवार को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन जयपुर से सुबह करीब 11.30 बजे दिल्ली कैंट के लिए रवाना की गई। इस दौरान मोदी ने 17 मिनट का भाषण दिया। आखिर के दो मिनट में राजस्थान कांग्रेस में चल रही तनातनी का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने सचिन पायलट का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं गहलोत जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करता हूं कि इन दिनों वह राजनीतिक आपाधापी में...अनेक संकटों से गुजर रहे हैं। इसके बाद भी विकास के काम के लिए समय निकाल कर आए। रेलवे कार्यक्रम में हिस्सा लिया।' सचिन पायलट ने मंगलवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन किया था।

**जो काम आजादी के बाद होने थे, उनके लिए मुझ पर भरोसा कर रहे:** मोदी ने गहलोत से कहा, 'आपके दोनों हाथ में लड्डू है। रेल मंत्री राजस्थान से हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं। जो काम आजादी के तुरंत बाद हो जाने थे, 70 साल बाद उनके लिए आप मुझ पर इतना भरोसा कर रहे हैं, यही मेरी मित्रता की ताकत है।'

**रेलवे के राजनीतिकरण का आरोप लगाया:** पीएम ने कहा कि जब लोगों को स्थायी सरकार मिली, उसके बाद रेलवे में तेजी से बदलाव शुरू हुए। वंदे भारत ट्रेन से जयपुर, दिल्ली आना-जाना आसान हो जाएगा। यह ट्रेन राजस्थान के टूरिज्म को भी मदद करेगी। पुष्कर और अजमेर शरीफ आस्था के स्थल तक पहुंचने में लोगों को आसानी होगी। बीते दो महीनों में ये छठी वंदे भारत ट्रेन है, जिसे हरी झंडी दिखाई गई। वंदे भारत तेज रफ्तार से लेकर खूबसूरत डिजाइन तक से संपन्न है। देशभर में ट्रेन का गौरव गान हो रहा है। वंदे भारत पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन है, जो मेड इन इंडिया है।

## किसानों को दिलाएं पीएम कुसुम योजना का लाभ : योगी



**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रधानमंत्री कुसुम योजना की प्रदेश स्तरीय स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों से गेहूं खरीद करने पर जल्द भुगतान कराने के निर्देश अधिकारियों का दिए। इसके साथ ही अधिकारियों को किसान हित में पीएम कुसुम योजना को लेकर किसानों को प्रोत्साहित कर लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी ने कहा कि प्रदेश में जारी गेहूं खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक 19 हजार मीट्रिक टन गेहूं क्रय किया जा चुका है। खरीद के बाद किसानों को भुगतान में कतई देरी न हो। तय समय के भीतर किसानों के बैंक खाते में गेहूं मूल्य का भुगतान कर दिया जाए। क्रय केंद्रों पर किसानों की जरूरतों का भी ध्यान रखें।

**घरौनी और वरासत सुविधा को बनाए सफल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व, घरौनी और वरासत जैसे कार्यक्रमों ने आमजनमानस को बड़ी सुविधा प्रदान करने में सफलता प्राप्त की है। इनकी अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाए।

अब तक 60 लाख से अधिक ग्रामीणों को घरौनी प्रदान की जा चुकी है। ड्रोन सर्वेक्षण के कार्य भी पूरा हो चुका है। हमारा लक्ष्य हो कि इस वर्ष के अंत तक सभी पात्र ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक देने वाला प्रमाण पत्र "घरौनी" मिल जाए।

**पीएम कुसुम योजना को लेकर किसानों को करें प्रोत्साहित:** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना संचालित हो रही है।

**उमेश पाल हत्याकांड में अतीक व अशरफ की सीजेएम कोर्ट में होगी पेशी**

## पुलिस माफिया अतीक को लेक देर शाम पहुंची प्रयागराज



**प्रयागराज: माफिया** अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ दोनों को सीजेएम कोर्ट में पेशी पर लाया गया है। पहले दोपहर तक यहां पहुंचने की सम्भावना थी। शाम 5.45 बजे तक अतीक को लेकर पुलिस प्रयागराज पहुंच गयी है। उसे सीधे नैनी जेल ले जाया गया। दूसरी ओर अशरफ को भी बरेली से प्रयागराज की पुलिस लेकर आ रही है। गुरुवार की दोपहर 12 बजे तक दोनों की पेशी होगी। दोनों भाइयों की साजिश के तहत उमेश पाल हत्याकाण्ड को अंजाम दिया गया है। इसके सबूत पुलिस को मिले हैं। बुधवार को अतीक के पहुंचने से पूर्व नैनी सेन्ट्रल जेल की सघन तलाशी ली गई। सभी बैरकों की तलाशी ली गई। डीजी जेल एसएन. साबत के आदेश पर आईपीएस शिवहरी मीणा ने नैनी सेंट्रल जेल का दौरा किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जेल रंग बहादुर भी मौजूद रहे। अतीक और अशरफ दोनों भाइयों को मौत से डर लग रहा है। अतीक अहमद बोले माफिया गिरी तो पहले ही समाप्त हो गई थी, अब मेरा परिवार भी बर्बाद हो चुका है। योगीजी ने जैसा कहा था हम मिट्टी में मिला देंगे, हम बर्बाद हो चुके हैं। मेरा पूरा परिवार तबाह हो गया। दूसरी ओर उमेश पाल की मां शांति पाल का बयान है कि अतीक के खिलाफ समाज और वकीलों में गुस्सा है।

## कोलकाता मेट्रो ने रच दिया इतिहास

### गंगा नदी के नीचे चली पहली मेट्रो ट्रेन



**कोलकाता:** कोलकाता मेट्रो ने गंगा (हुगली) नदी के नीचे से पहली मेट्रो रैक बुधवार को हावड़ा मैदान तक ले जाकर इतिहास रच दिया। लंबे इंतजार के बाद देश की पहली मेट्रो ट्रेन गंगा नदी के नीचे से दौड़ी। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी बने।

**नदी के नीचे चली मेट्रो:** कोलकाता के बीबीडीबाग महाकरण से हावड़ा मैदान स्टेशन तक मेट्रो रेल की रैक नंबर ने पहली यात्रा की। इस रेक ने हुगली नदी को पूर्वाह्न 11.55 बजे पार किया। इस दौरान रेड्डी के साथ मेट्रो के अतिरिक्त महाप्रबंधक एचएन जायसवाल, कोलकाता मेट्रो रेलवे कारपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के एमडी समेत मेट्रो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## रक्षा मंत्री ने किया अंतर्राष्ट्रीय रक्षा सम्मेलन का उद्घाटन




**नई दिल्ली: रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में 'रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र' विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, और केन्या के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। उन्होंने मजबूत वित्त प्रणाली को सेना की रीढ़ बताते हुए कहा कि रक्षा व्यय में भ्रष्टाचार और बबार्दी को बहुत कम कर दिया गया है। सम्मेलन के जरिए नीति निमार्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र पर अपने विचार और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। साथ ही रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता के सरकार के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। राजनाथ सिंह का विचार था कि रक्षा व्यय में धन के पूर्ण मूल्य की आर्थिक अवधारणा को लागू करना मुश्किल है, क्योंकि इस क्षेत्र में राजस्व का कोई दृश्य स्रोत नहीं है और आसानी से पहचाने जाने योग्य लाभार्थी नहीं हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि रक्षा खरीद में खुली निविदा के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बोली के नियम का पालन किया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस तरह की रूपरेखा में व्यय नियंत्रण, पेशेवरों की वित्तीय सलाह, ऑडिट, भुगतान प्रमाणीकरण तंत्र आदि शामिल हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि रक्षा खर्च आवंटित बजट के भीतर है और धन का पूरा मूल्य प्राप्त हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों को रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है, जिसमें अनुसंधान एवं विकास संगठन, उद्योग, सैनिक कल्याण संगठन आदि शामिल होते हैं। वित्तीय संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए अच्छी वित्त पोषित प्रणाली की भी आवश्यकता होती है।

**मुख्यमंत्री का निर्देश, कोविड से बचाव को बढाएं जागरूकता, भीड़ से बचें बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग**

## कोविड की स्थिति नियंत्रण में : सीएम योगी



**लखनऊ: देश** में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते कुछ समय से देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्तमान में देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है, बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति घबराने की नहीं सतर्क और सावधान रहने की है। वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 प्रतिशत रही है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति की रिपोर्ट बताती है कि कोविड को लेकर प्रदेश में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यून है।

## 15 महीने के निचले स्तर पर रिटेल महंगाई

**मार्च में घटकर 5.66% पर आई, खाने-पीने के सामान के दामों में गिरावट से घटी महंगाई**



**नई दिल्ली: मार्च** महीने में रिटेल महंगाई दर घटकर 5.66% पर आ गई है। फरवरी में महंगाई दर 6.44% रही थी, जो रिजर्व बैंक के टॉलरेंस लेवल (2-6%) से ज्यादा थी। वहीं जनवरी महीने में महंगाई 6.52% रही थी। खाने-पीने के सामान के दामों में गिरावट से महंगाई घटी है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाद्य पदार्थों की होती है। रिटेल महंगाई का ये 15-महीने का निचला स्तर है। नवंबर 2021 में महंगाई 4.91% और दिसंबर 2021 में 5.66% रही थी। वहीं खाद्य महंगाई दर की बात करें तो ये मार्च 23 में घटकर 4.79% पर आ गई है। फरवरी में ये 5.95% थी। बिजली और ईंधन की महंगाई भी घटी है। बिजली और ईंधन की महंगाई 9.90% से घटकर 8.91% पर आ गई है। सरकार ने फरवरी महीनें का इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन यानी डेटा भी जारी किया है। फरवरी में 5.6% रही, जो कि उसके पिछले महीने यानी जनवरी के 5.5% से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### जीआरपी दारोगा ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

**प्रयागराज।** प्रयागराज छिवकी जंक्शन पर छूटा एक युवती का पर्स बुधवार को आरपीएफ दारोगा की ईमानदारी से मिल गया। जिसमें लाखों रुपए के सोने के जेवर, एक लाख रुपए नकदी, दो एटीएम कार्ड और कई अन्य डाक्यूमेंट थे। सारा सामान सही सलामत पाकर युवती और उनके परिजनों ने आरपीएफ को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।प्रयागराज के कीडगंज थाना अंतर्गत हलवाई धर्मशाला निवासी रवीना दत्त बांबे मेल से बुधवार को अपने माता पिता के साथ प्रयागराज से नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश जा रही थी। उन लोगों ने छिवकी जंक्शन से बांबे मेल पकड़ी थी। आपाधापी में जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर रवीना का पर्स छूट गया। ट्रेन जाने के बाद रवीना दत्ता ने रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 पर फोन किया। रवीना दत्ता को सूचना के बाद छिवकी जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम एक्टिव हो गई। घंटों मशक्कत के बाद प्लेटफार्म नंबर तीन के बेंच पर काले रंग का लावारिस पर्स जीआरपी एसआई राजीव कुमार सिंह को मिला। जिसमें एक लाख रुपए नकद, तीन एटीएम कार्ड, 4 लाख रुपए के सोने के जेवर और जरूरी कागजात थे।

# टिकट के लिए लगी कतार, अदेय प्रमाणपत्र के लिए उमड़ रही भीड़

**नगर पंचायत शंकरगढ़ में दो दिन में तीन दर्जन लोगों ने मांगा अदेय प्रमाणपत्र, चेयरमैन और सभासद पद का टिकट पाने के लिए भाजपा और सपा के दावेदारों की लगी कतार**






अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** नगरीय निकाय चुनाव की सरगर्मी सिर चढ़कर बोल रही है। पिछले दो दिन से धूप भी तीखी होने लगी है। दिन में चलने वाली हवाएं बदन को चुभने लगी हैं। दिन-प्रतिदिन गर्म होते माहौल में चुनावी पारा भी गर्म होने लगा है। नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में भी सुबह होते ही लोगों की भीड़ लगना शुरू हो जाती है और सांझ ढलने तक लोगों का आना और जाना लगा रहता है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव को दो फेज में करवाने की घोषणा की है, जिसमें प्रयागराज में प्रथम चरण में चुनाव होना है। यहां पर 11 अप्रैल से नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 11 और 12 अप्रैल के दौरान नपं शंकरगढ़ में चेयरमैन पद के लिए करीब एक दर्जन और सभासद पद के दो दर्जन से अधिक लोगों ने नो ड्यूज के लिए आवेदन किया है। अदेय प्रमाणपत्र पाने के लिए नगर पंचायत शंकरगढ़ के कार्यालय में दिनभर लोगों की कतार लग रही है। तमाम लोग यह जानने भी आ रहे हैं कि नामांकन में किन-किन दस्तावेजों का प्रयोग किया जाएगा। नगर पंचायत कार्यालय की तरफ से नोड्यूज के लिए मनीष केसरवानी, दीपू शुक्ल, सूरज केसरवानी, विनोद कुमार, कौशल कुमार, मोहम्मद गुलशेर अहमद आदि को लगाया गया है। दूसरी तरफ यहां से टिकट के लिए भी मारामारी चल रही है। चेयरमैन की सीट के लिए लगभग दर्जनभर दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं, जबकि दर्जनभर सभासद की सीटों के लिए भी मारामारी की नौबत है। सभासद की प्रत्येक सीट के लिए कहीं आधा दर्जन तो कहीं दर्जनभर लोगों का नाम हवा में तैर रहा है। इसके अलावा टिकट पाने के लिए तमाम दावेदार अपने राजनैतिक व सामाजिक जीवन का बायोडाटा लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के खेमे में चक्कर लगा रहे हैं। नपं शंकरगढ़ में चेयरमैन का पद अनुसूचित जाति महिला के लिए रिजर्व है। हालांकि अभी तक किसी भी पार्टी ने अपना पत्ता नहीं खोला है, लेकिन दावेदार अपने-अपने आकाओं की चौखट पर डेरा जमाए हुए हैं।

# भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश

**बारा/लालापुर।** तहसील में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकताओं ने तहसील परिसर में किसान चौपाल लगाकर किसानों की समस्या सुनी और किसानों की समस्या के निवारण हेतु तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के युवा जिलाध्यक्ष रामजतन पाल ने कहा कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। अगर सरकार किसानों की समस्याओं को नहीं सुनेगी तो हम सब बड़ा आन्दोलन करने पर बाध्य होंगे। प्रभारी यमुनापार अफसर अली ने कहा कि हम सब किसानों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और सदैव लड़ते रहेंगे। यमुना पार अध्यक्ष प्रवीण पाल ने संगठन के प्रति एक जुट होकर काम करने की बात कही। इसी क्रम में तहसीलदार बारा ने आकर किसानों की समस्यायें सुनी और हर प्रकार से मदद का आश्वासन भी दिए। अन्त में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के मिडिया प्रभारी राजेश चतुवेर्दी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कमलेश राव, अगम लाल, राजेश चतुवेर्दी,राजकरण पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



# मधुमख्खियों के हमले से दर्जनों घायल अस्पताल में भर्ती

**मक्खियों के छत्ते में किसी ने ईट मार दी, मक्खियों ने पंयायत में शामिल ग्रामीणों और राहगिरों को दौडा दौडाकर काटा, कई बेहोश अन्य अस्पताल में भर्ती**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** दंपत्ति की चल रही पंचायत के दौरान किसी शरारती तत्व ने मधुमखियों के छत्ते में ईट चला दी। जिससे पंचायत में शामिल दर्जनों लोग बेहोश होकर गिर पडे।यही नहीं कई अस्पताल में भर्ती हो गए हैं।उक्त घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के अलीवृसिंपुर स्थित पक्का तालाब के पेड के नीचे दोपहर में ग्राम गुलकाईपुर निवासी सोनू सरोज और ग्राम पिलखुआं निवासनीय एक महिला का दंपती विवाद को लेकर पंचायत चल रही थी। बताते हैं कि किसी शरारती तत्व ने पेड में लगे मधुमक्खियों के छत्ते में ईट मार दी। जिससे पंचायत तो नहीं हो सकी अलबत्ता मक्खियों ने दौडा दौडा कर काटने से कई बेहोश होकर अस्पताल पहुंच गए तथा राहगिरों को मक्खियों को दौडा दौडा कर काट लेने से वह डाक्टरों से उपचार करा रहे हैं। जबकि बेहोशों के प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया गया है कि जिन लोगों को को मक्खियों ने काटा बबलू, राहुल ,रमेश, छोटेलाल, लहुरी बाबा, लडडन बाबा, रामू के अलावा राहगिर बेलहा देवी, लक्ष्मी देवी, सीता, पूनम आदि सहित दर्जनों लोग मधुमखियों के काटने से जख्मी हुए हैं। जिनका चेहरा ,शरीर आदि सूज गया है। बताते हैं कि जब तक मधुमक्खियों का आरा नहीं निकलेगा। जख्मियों को आराम नहीं मिलेगा।

## मऊआइमा में अध्यक्ष पद के लिए छह तथा सदस्यों के लिए 31 पर्चे बिके

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव के लिए दो दिनों में अब तक अध्यक्ष पद के लिए छह और सदस्यों के लिए 31 पर्चे की बिक्री हुई। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए पांच और सदस्यों के लिए पन्द्रह पर्चे बिके थे। सोरांव स्थित चुनाव कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए एक और सदस्य पद के लिए सोलह पर्चो की बिक्री हुई है। अब कुल मिला कर अध्यक्ष पद के लिए छह और सदस्यों के लिए 31 पर्चे की बिक्री हो चुकी है।

# पीपीजीसीएल में पूजे गए बजरंग बली, भंडारे में उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्लांट के अनवरत संचालन के लिए किया गया हवन-पूजन**



**शंकरगढ़।** प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, शंकरगढ़ (मिश्रा बांध) परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में बजरंगबली की पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड़ शंकरगढ कपारी में इस पूजापाठ का आयोजन सर्वजन कल्याणार्थ और प्लांट के अनवरत, निर्बाध रूप से संचालन के लिए किया गया था। परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में महावीर भगवान की विधि-विधान से पूजन अर्चना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन में लोगों ने बजरंगबली की आराधना करते हुए आरती उतारी। इस आयोजन में कंपनी के हेड इंस्ट्रूमेंटेशन टाटा पावर पीयूष पटेल के साथ प्लांट के तमाम अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। अंत में विशाल भंडारे के आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से विक्रम, संदीप, राजेश, अभिलाष, अनिल, संदीप मिश्र, सत्यजीत, अनुज, आशुतोष, अभिनव, विभोर, राजेंद्र, रवि, ललित आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर कंपनी हेड पीयूष पटेल ने बताया कि आगामी वर्ष में इससे भी वृहद और भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन में सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार जताया।

## न्यूज झरोखा

### गंगा नदी में मासूम का तैरता हुआ दिखा शव, हड़कंप



**मेजा रोड।** सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत गंगा फेरी घाट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब गंगा नदी में एक मासूम का शव बहता हुआ देखा गया। पाटूंन पुल से गुजरने वाले लोगों ने देखा तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दे कि बुधवार सुबह 10:00 बजे के आसपास सिरसा गंगा फेरी घाट पर एक मासूम बच्चे का शव गंगा नदी में बहते हुए दिखाई दिया पुल से गुजर रहे लोगों ने उक्त मासूम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वीडियो में साफ-साफ देखा जा रहा कि मासूम का शव गंगा नदी में बहता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया । ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएं होने लगी ।

### कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय बघेड़ी के मूल भवन निर्माण कार्य में अनियमितता



**जंघई।** प्रधान बघेड़ी किरण चौहान एवं प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश ने बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज एवं खंड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर को पत्र लिखकर बताया है कि कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय बघेड़ी के मूल भवन निर्माण कार्य में अनियमितता हो रही है।ईंट, बालू, सीमेंट, सरिया आदि सामग्री अत्यंत ही निम्न एवं घटिया प्रकार की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यह काम प्रधान की मिलीभगत से हो रहा है जबकि विद्यालय एवं प्रधान का स्कूल भवन के निर्माण कार्य में कोई भूमिका नहीं है। प्रधान एवं प्रधानाध्यापक तथा ग्रामीणों ने अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण, मानक के अनुसार कार्य करवाने हेतु मांग किया है तथा निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार एवं संबंधित संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मोटरसाइकिल सवार ने एक अधेड़ को टक्कर मार दी।जिस की हालत नाजुक होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुलतानपुर खास निवासी राजेन्द्र कुमार पटेल पैदल थाना चौराहे से घर जा रहे थे। तभी एक बुलेट सवार ने टक्कर मार दी। जिस से राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल राजेन्द्र कुमार के पुत्र ज्ञानचन्द्र पटेल ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात बुलेट चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# अपनी गाढी कमाई से ढाई प्रतिशत जकात निकालना अनिवार्य : मौलाना वसीम मुजाहिरी



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** अपनी गाढी कमाई में से जिनके पास धन हो वह गरीबों ,असहायों, मजलूमों, विधवाओं, बेसहारा आदि को कमाई में से ढाई प्रतिशत जकात देना हर मुस्लिम पर फर्ज है। जो नहीं देता उसके माल की अल्लाह सुरक्षा नहीं करता है न ही कमाई बढती है। घाटा होना तय है। उक्त बातें मौलाना वसीम मुजाहिरी ने रायल पैलेस, रईस टूर एंड ट्रेवेल्स ,आशिम टेक्स्टाईल द्वारा आयोजित बैरहना चौराहे पर सामूहिक इफ्तार पार्टी में कही। मौलाना ने कहा कि रोजा हर मुस्लिम मर्द औरतों पर फर्ज है।उधर।इफ्तार कराना सवाब का काम है।मौलाना ने मुल्क में अमन चैन के लिए दुआएं भी करवाई।बाद इफ्तार के बाद मौलाना ने नमाज पढाई। इफ्तार पार्टी में रईस, आशिम, जिया उद्दीन, रफी उल्ला, शफी उल्ला, पूर्व चेयमैन शोएब अंसारी, नूर उद्दीन सैफी, डाक्टर नदीम, जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन पूर्व प्रधान बचाऊ,जमालुरशीद उर्फ काजू, अब्दुल रशीद, मोहम्मद स्वालेह, बेलाल आदि बडी संख्या में रोजेदारों ने हिस्सा लिया है।

### मैनपुरी छात्रा की मौत के मामले में सुनवाई एक मई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मैनपुरी स्कूल की छात्रा की मौत के मामले में एसआईटी की जांच पर सवाल उठने पर सीबीआई के अधिवक्ता को याचिका की प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। याची की मदद के लिए नियुक्त न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र नाथ सिंह, संयुक्ता सिंह व रुचि मालवीय ने एसआईटी जांच प्रक्रिया पर असंतोष जताया और सीबीआई जांच की मांग की।याची के अधिवक्ता ने कहा कि केवल प्रधानाचार्या को आरोपी बनाया गया है। छात्रा की हत्या मामले की सही जांच नहीं की गई। अपराधियों को पुलिस नहीं पकड़ रही। राज्य सरकार की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व आकांक्षा शर्मा ने सरकार का पक्ष रखा और कहा कि चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। ट्रायल चल रहा है। चतुर्वेदी ने कहा कि सीबीआई जांच पर सरकार को एतराज नहीं है।याची महेंद्र प्रताप सिंह का स्वास्थ्य सही नहीं होने के कारण याचिका की सुनवाई एक मई के लिए टाल दी गई। याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने सीबीआई अधिवक्ता का नाम वाद सूची में दर्ज करने और उन्हें सूचित करने को कहा है। अगली सुनवाई एक मई को होगी।

# गांजा, तमंचा कारतूस के साथ दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

**निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस सख्त ,जांच के दौरान दो बदमाश गिरफ्तार**




अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पंचायत मऊआइमा सहित आस पास क्षेत्रों की पुलिस की चेकिंग अभियान सख्त हो गई है। मऊआइमा पुलिस ने दो बदमाशों को तमंचा, गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मऊआइमा थाने के तेजतर्रार सब इंस्पेक्टर संजय मौर्य, अनुप वर्मा, कांस्टेबल मंजीत सिंह, दिनेश यादव कस्बे में गश्त पर थे। जब पुलिस टीम ग्राम अलीवृसिंपुर स्थित पक्का तालाब के पास पहुंची तो एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक पुलिस को देख कर बाइक छोड कर भागने लगे। जिन्हें दौडा कर पकड लिया गया। एक ने अपना नाम उदयनाथ पुत्र दूधनाथ ग्राम सत्ती कहली बताया जामातलाशी में एक किलों तीन सौ ग्राम गांजा झोले से बरामद हुआ। दूसरे ने अपना नाम मोहम्मद कासिम पुत्र स्वर्गीय अब्दुल हमीद ग्राम तेजपुर बताया। जामातलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा एक जीवित कारतूस बरामद कर लिया। दोनों आरोपियों ने बाइक के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। पुलिस ने बाइक को सीज कर उदयनाथ और मोहम्मद कासिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# ग्राम पंचायत घोडेडीह में सामुदायिक शौचालय चढा भ्रष्टाचार की भेंट

**नहीं सुधर रही है सामुदायिक शौचालयों की स्थिति**



अखंड भारत संदेश

**करछना।** आम लोगों की भलाई के लिए सरकार योजनाएं बनाती हैं और उसे अमलीजामा पहनाकर गांव मोहल्ले तक पहुंचाती हैं और गांव मोहल्ले तक पहुंचते-पहुंचते वह योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। ताजा मामला जनपद प्रयागराज के अंतर्गत विकासखंड करछना के घोड़ेडीह गांव का है। यहां बने सामुदायिक शौचालय दयनीय स्थिति में पहुंच चुका है। सामुदायिक शौचालय की दीवारों के प्लास्टर टूट रहे हैं और दीवारों में दरारे आ गयी है। अंदर के हालात ऐसे हैं कि अगर किसी को शौच के लिए जाना हो तो शौच क्रिया संबंधित कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं है । सामुदायिक शौचालय में लगी टाइल्स क्षतिग्रस्त हैं। शौच के लिए पानी तक की व्यवस्था नहीं की गई है। नाम मात्र का एक समरसेबल लगा हुआ है जो लोगों के घरो में पानी भरने के और कुछ के खेतों में सिंचाई करने के काम में लिया जाता है। गांव के लोगों का कहना है कि यह शौचालय जब से बना है इस्तेमाल करने योग्य कभी रहा ही नहीं है।

# विद्या के मंदिर बने व्यावसायिक प्रतिष्ठान

अखंड भारत संदेश

**अभिभावकों के साथ छलावा**

**बारा/लालापुर।** आज ज्ञान के मन्दिर कहे जाने वाले विद्यालयों में कितना बच्चों के अभिभावकों को गुमराह करके शोषण किया जा रहा है, उनके मानसिकता को आयु के दृष्टिकोण से कमजोर किया जा रहा है, इस पर भी हमारे समाज के अभिभावकों को जागरूक होने की बहुत ही आवश्यक है। इस शैक्षिक वृद्धि शोषण में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को आगे आना पड़ेगा। शिक्षा के अधिकार के तहत लगभग छह वर्षों के बच्चों की बुद्धि लब्धि कक्षा एक के लिए पूरी तरह से तैयार होती है, लेकिन अधिक आयु के बच्चों को कान्वेंट जैसे स्कूलों में अभिभावकों को गुमराह करके उसको निचले कक्षा में प्रवेश करा दिया जाता है। जबकि उसका बौद्धिक स्तर पूर्ण रूप से आगे की कक्षाओं में पढ़ने के लिए तैयार है।आज कान्वेंट जैसे स्कूलों में लगभग आठ नौ वर्ष के बच्चों को कक्षा एक में नामांकन कराया जाता है। मातृ-भाषा का महत्व बहुत कम दिया जाता है। जिससे उसकी बौद्धिक क्षमता में सोचने की बहुतायत कमी आ रही है।और यही बच्चे हाईस्कूल पहुंचते ही गुमराह होकर गलत रास्ते पर चलने के लिए मजबूर हो रहे हैं। बेसिक शिक्षकों का इस समय कर्तब्य यही बनता है कि इन ब्यापारिक विद्यालयों के शोषण से अभिभावकों को जागरूक करके बेसिक स्कूलों की विशेषताओं से समाज को बताने और अनवरत उन्नयन पर गांव-गांव में जाकर प्रचार प्रसार करने की जरूरत है। चूंकि शिक्षक समाज का निमार्ता एवं राष्ट्र का सजग प्रहरी होता है।

# अगर तुम हंस के बोलों तो सिकन्दर टूट जाता है...

अखंड भारत संदेश

**मनकामेश्वर महोत्सव मंच पर कवियों ने बांधी समां**



**प्रयागराज।** यमुनानगर के शंकरगढ़ में अति पौराणिक मनकामेश्वर धाम को समर्पित सात दिवसीय महोत्सव मंच पर पहुंचे कवियों ने खूब समां बांधी।मंच पर चल रही प्रवाचिका प्रभु प्रिया की भागवत कथा और आरती के उपरांत आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि नरेन्द्र मणि ने की। सुरेश भाई ओम शान्ति द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरांत मंच का संचालन कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक सिंह बेसरम ने कहा -अगर तुम हंस के बोलो तो, सिकन्दर टूट जाता है। शीशा तानकर मारो तो,पत्थर टूट जाता है। उन्होंने संचालन के दौरान अपने छन्दों मुक्तकों से खूब गुदगुदाया। कृष्ण कान्त कामिल ने प्रस्तुत गजल में कहा-किसी की दूर से हस्ती ना आंकना कामिल,पहाड़ दूर से छोटा दिखाई देता है। कवि सुशील शुक्ल हर्ष ने अपनी ओजपूर्णआध्यात्मिक कविता में रामभक्त हनुमान जी के अद्भुतशौर्य का बखान किया तो वहीं रवीन्द्र साहिल ने गीत गजलों पर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी।ओज कवि बबलू सिंह बहियारी ने शहीद चन्द्रशेखर को समर्पित ओज कविता पर खूब वाहवाही लुटी। अध्यक्षीय काव्यपाठ के दौरान नरेंद्र मणि ने अपनी लोक संस्कृति को संजोने और विश्वगुरु भारत निर्माण हेतु प्रस्तुत अपनी पंक्तियों में युवाओं का आवाहन किया। अंत में महोत्सव के संयोजक सूर्य निधान पाण्डेय ने कवियों को अपने समाज की थाती और देश समाज का पथप्रदर्शक बताते हुए मंच पर सम्मानित किया। सुरेश भाई ने सभी कवियों,अतिथियों और श्रोताओं के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके पर करुणा निधान पाण्डेय,चन्द्र निधान पाण्डेय,डॉ,ओपी सिंह,सुधा केशरी,राज भाई,केके तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 249 अदेयता प्रमाण पत्र के सापेक्ष में 6.45 लाख की हुई वसूली

**प्रयागराज।** नगर निकाय चुनाव 2023, के दृष्टिगत बुधवार को नगर निगम प्रयागराज जोन संख्या 1 खुल्दाबाद से 41 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-1,10,186.00, जोन संख्या 2 मुटठीगंज से 55 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-1,14,642.00, जोन संख्या 3 कटरा से 45 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-89,719.00, जोन संख्या 4 अल्लापुर से 32 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-1,68,593.00, जोन संख्या 5 नैनी से 36 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-45,085.00, जोन संख्या 6 ट्रांसपोर्टनगर से 20 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-87,601.00 तथा जोन संख्या 7 फाफामऊ से 20 प्रमाण पत्र गृहकर धनराशि रू0-29,965.00 जमा करायी गयी। इस प्रकार कुल 249 अदेयता प्रमाण पत्र नगर निगम प्रयागराज द्वारा जारी किये गये जिसके सापेक्ष प्राप्त गृहकर की धनराशि रू0-6,45,791.00 नगर निगम कोष में जमा करायी गयी।

# ईडी की छापेमारी से मचा रहा हड़कंप, बिल्डर संजीव अग्रवाल के घर मिले नोटों के बंडल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के करीबियों के ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान ईडी अफसर तब दंग रह गए जब वहां भारी मात्रा में नकदी के अलावा नोट गिनने की दर्जनों मशीनें भी मिलीं। नकदी के स्रोत के बारे में पूछने पर संतोषजनक जानकारी नहीं देने पर इसे सीज कर जब्त कर लिया गया। जबकि नोट गिनने की मशीनों को भी कब्जे में ले लिया गया।ईडी की अलग अलग टीमें अन्य लोगों के साथ ही बिल्डर संजीव अग्रवाल व कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के घरों व कार्यालयों में भी पहुंची थीं। बिल्डर के सिविल लाइंस स्थित घर में तलाशी के दौरान एक कमरे में नोटों के बंडल मिलने पर अफसर दंग रह गए। उन्होंने पूछा कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में नकदी कहां से आई, तो इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।तलाशी के दौरान ही वहां एक दर्जन से ज्यादा नोट गिनने की मशीनें भी मिलीं। उधर कार शोरूम मालिक के घर से भी नोटों के बंडल मिले। पूछताछ में घर में मौजूद लोगों ने बताया कि नकदी व्यापार से संबंधित है। हालांकि जब इससे संबंधित साक्ष्य मांगा गया तो वह नहीं दिखा पाए। जिस पर नकदी को सीज कर दिया गया। सूत्रों का कहना है कि कार शोरूम मालिक के घर व शोरूम में भी नोट गिनने की मशीनें मिली हैं।




**17 टीमों ने भोर में बोला धावा, संभलने का भी नहीं दिया मौका :** प्रवर्तन निदेशालय की ओर से माफिया के करीबियों के घर हुई कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। 17 टीमों ने भोर में ही अलग-अलग ठिकानों पर धावा बोला। नींद खुलते ही दरवाजे पर ईडी टीम व सीआरपीएफ जवानों को देख माफिया के करीबी व उनके परिजन भौचक रह गए। हाल यह रहा कि उन्हें कुछ सोचने का भी मौका नहीं मिला। जब तक वह कुछ समझते, इससे पहले ही ईडी टीम ने उनके घरों व प्रतिष्ठानों को कब्जे में ले लिया था।दरअसल कार्रवाई करने वाले दल में 70 के आसपास सदस्यों के होने की बात सामने आई है। छापा मारने से पहले ही इन सदस्यों को 17 टीमों में बांट दिया गया था। फिर इन्हीं टीमों ने कार्रवाई की। परिजनों को भीतर कर प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए। साथ ही इनके भीतर व बाहर की ओर सीआरपीएफ के जवान तैनात हो गए। यह जवान ईडी अफसरों के साथ ही पहुंचे थे।



**भीतर जाने व बाहर निकलने पर पाबंदी :** सीआरपीएफ जवानों को सख्त हिदायत थी कि कार्रवाई के दौरान किसी को भीतर न आने दें। ना ही घर के अंदर मौजूद किसी शख्स को बाहर जाने दिया जाए। घरवालों से भी कह दिया गया कि वह कार्रवाई में सहयोग करें और जब तक कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती, बाहर ना जाएं। उनके मोबाइल फोन भी जमा करा लिए गए थे। ताकि वह किसी से संपर्क न कर पाएं।

**सभी ठिकानों पर एक साथ मारा गया छापा :** कार्रवाई के लिए गठित ईडी की 17 टीमों ने सभी 15 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा तो इसकी भी एक वजह रही। सूत्रों का कहना है कि अलग-अलग कार्रवाई करने की स्थिति में जानकारी लीक होने की आशंका थी। ऐसे में कार्रवाई की जानकारी मिलने पर अतीक के करीबियों की घर से दस्तावेज हटाने या ताला बंद कर गायब होने की भी आशंका थी। यही वजह है कि एक साथ धावा बोला गया और रणनीति सफल भी रही।

**चप्पे-चप्पे की ली गई तलाशी :** कार्रवाई के दौरान संबंधितों के घरों के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। संपत्तियों से मिले दस्तावेजों के संबंध में भी गहनता से पड़ताल की गई।




### बीजेपी नेता राकेश शुक्ला समेत 21 लोगों ने खरीदा पर्चा

**प्रयागराज।** नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों में हलचल तो तेज हो गई है लेकिन अभी तक किसी भी पार्टी की ओर से महापौर के लिए प्रत्याशी नहीं उतारा गया है। यही कारण रहा है कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के दूसरे दिन बुधवार को भी एक भी प्रत्याशी ने महापौर के लिए नामांकन नहीं किया।महापौर पद के लिए आज कुल 21 लोगों ने 33 नामांकन पत्र लिया है। नामांकन पत्र लेने वालों ने भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा और आप सहित सभी दलों से नेताओं का नाम सामने आ रहे हैं। नामांकन पत्र लेने वाले प्रमुख लोगों में भाजपा के राकेश शुक्ला का भी नाम शामिल है। इसी तरह मुरारी लाल अग्रवाल, मो. कादिर, बब्बन दुबे, डॉ. नीरज, अजय कुमार श्रीवास्तव, कुंभेश कुमार, रोहित कुमार, नवाब महबूब और सुनील कुमार आदि शामिल हैं। बता दें 17 अप्रैल तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी।

### कोई खड़ाऊं तो कोई तोप लेकर लड़ेगा चुनाव, महापौर और पार्षद के प्रतीक चिन्ह जारी

**प्रयागराज।** नगर निकाय चुनाव में कोई उम्मीदवार खड़ाऊं लेकर वोट मांगेगा तो कोई तोप चलाएगा। उम्मीदवार स्कूटर, मोटर कार से लेकर हवाई जहाज भी चलाएंगे। निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिह्न जारी कर दिए हैं। महापौर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के 39 तथा पार्षद व नगर पंचायत सदस्य के लिए 42 चुनाव चिह्न जारी किए गए हैं।राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकायों में अध्यक्ष तथा सदस्य पद के स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए 197 चुनाव चिह्न चिह्नित किए हैं। इन्हें संशोधित करते हुए महापौर और नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए शंख, रिक्शा, जीप, रेल का इंजर, वायुयान समेत 39 चुनाव चिह्न चुने हैं। इसी तरह से पार्षद एवं नगर पंचायत सदस्य के मोटर साइकिल, कार समेत 42 प्रतीक तय किए हैं।

### महापौर और अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्ह


महापौर एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए चुनाव चिह्न- शटल, अनार, अलाव और आदमी, पानी का नल, ऊन का गोला, कंघा, टेबल लैम्प, गुल्ली-डंडा, छत का पंखा, फरसा, केला का पेड, चिड़िया का घोसला, गदा, जीप, पहिया, टेबल फैन, फूल और घास, फसल काटता किसान, दमकल, भगौना, पानी की बोतल, स्कूल, बैग, हल, रेल का इंजन, कुर्सी सहित डाइनिंग टेबल, लड़का लड़की, हथौड़ा, सितारा, शहनाई, स्कूटर, सरौता, सुराही, सैनिक, शंख, रिक्शा, तलवार, लट्टू, वायुयान, वृक्ष।

### पार्षद और सभासदों के लिए जारी प्रतीक चिन्ह

पार्षद एवं नगर पंचायत सदस्य के लिए प्रतीक चिह्न - अनाज ओसाता किसान, ओखली, आम, इमली, उगता सूरज, खजूर का पेड़, खड़ाऊं, कलम और दवात, गमला, कार, गाजर, किताब, गुलाब का फूल, कुल्हाड़ी, घंटी, केला, चश्मा, तरकस, छाता, तराजू, झोपड़ी, ताला-चाबी, तोप, त्रिशूल, मुकुट, ड्रम, डमरू, धान का पौधा, ढोलक, नाव, पत्तियां, पेपर वेट, बिजली का बल्ब, पुल, पेंसिल, कुर्सी, फावड़ा, बैलगाड़ी, पेंचकस, भुट्टा, बंदूक, मोटर साइकिल आदि है।

# नैनी की सेंट्रल जेल में 5.56 पर दाखिल हुआ अतीक अहमद

## 15 दिन में साबरमती जेल से दूसरी बार नैनी लाया गया, कल होगी कोर्ट में पेशी





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** सेंट्रल जेल पहुंच गया। उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुजरात से प्रयागराज लाया गया है। उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। इस बार भी लोकल और नेशनल मीडिया को गफलत में रखकर अतीक को अंदर ले जाया गया उसका छोटा भाई मो. असरफ भी बरेली जेल से लाया जा रहा है। बीते 15 दिन में साबरमती जेल से अतीक अहमद को दूसरी बार प्रयागराज लाया गया है। अपहरण कांड में उम्र कैद की सजा पा चुके माफिया अतीक अहमद को अब उमेश पाल हत्याकांड के मामले में पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी में है जाएगा। 13 अप्रैल को सीजेएम कोर्ट में होगी पेशी अतीक अहमद और मो. अशरफ को अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड में 13 अप्रैल को सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां से दोनों माफियाओं के लिए 14 दिन की रिमांड मांगी जाएगी। उमेश पाल हत्याकांड में अभी माफिया बंधुओं से पूछताछ नहीं हो पाई है। जबकि पुलिस को जो साक्ष्य मिले हैं। उसमें अतीक अहमद और अशरफ ने ही जेल के अंदर रहते हुए इस सनसनीखेज घटना की साजिश रची थी। रिमांड मिलने के बाद जरूरत पड़ने पर पुलिस दोनों भाइयों को आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ कर सकती है।तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाया गया अतीक अतीक अहमद को दो प्रिजन वैन और तीन पुलिस फोर्स की गाड़ी की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुजरात के साबरमती से प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल लाया गया। बीते 27 मार्च की तरह आज भी अतीक अहमद की प्रिजन वैन को सीधे गेट के अंदर दाखिल करा दिया गया। वहां उसका मेडिकल चेकअप कराया जा रहा है और लिखा पढ़ी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में भेजा जाएगा रिमांड लेकर माफिया बंधुओं के जरिए पुलिस फरार चल रही पत्नी शाइस्ता परवीन, बेटे असद, शूटर गुलाम मोहम्मद, गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान तक पहुंचना चाहती है। इसी के लिए पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में माफिया और उसके भाई को साबरमती एवं बरेली जेल से प्रयागराज में आई है। कल सीजेएम कोर्ट में दोनों को पेश किया जाएगा और रिमांड अर्जी दाखिल की जाएगी।

# रस्सी के सहारे आयशर ट्रक के पीछे बंधी मिली युवक की लाश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना से कुछ कदम दूर एक युवक की लाश आयशर ट्रक में रस्सी के सहारे बंधी हुई मिली है युवक की लाश मिलने की सूचना मिलते ही चारो तरफ सनसनी फैल गई। युवक का दोनों पैर जमीन पर टिका हुआ है ऐसे में आत्महत्या संभव नहीं है। मौके की परिस्थिति देखकर ऐसा लग रहा है कि युवक को मौत के घाट उतारने के बाद आत्म हत्या का रूप देने के लिए हत्यारोपियों ने अपने बचाव में लाश को आयशर ट्रक के पीछे बांध दिया है बहरहाल कुछ भी हो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई खुलकर सामने आना तय है। सूचना प्राप्त होने के बाद पूरामुफ्ती पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर लिखा-पढ़ी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लाश पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद युवक के मौत के पीछे की क्या कहानी है और किस परिस्थितियों में मौत हुई है परिजनों से पूंछ - ताछ कर साक्ष्य संकलित करने में स्थानीय पुलिस जुट गई है। बताया जा रहा है कि युवक एक दिन पहले ही घर आया था वह बाहर रहकर डेंटर का काम करता था।प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी सैफ उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र नफीश एक दिन पहले घर आया था और बीती रात युवक के फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आई कुछ देर बात करने के बाद युवक परिजनों से बिना बताए घर से बाहर चला गया। रात बीतने के बाद भी युवक के घर ना पहुंचने पर परिजनों के बीच घबराहट महसूस होने लगी। सुबह होते ही युवक की लाश पुरानी बाजार स्थित मस्जिद के पीछे खड़ी आयशर ट्रक में रस्सी के सहारे बंधी हुई मिली। मामले की सूचना परिजनों को दी गयी परिजनों के बीच यह जानकारी जैसे ही पहुंची रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और दहाड़े वह मारकर रोने लगे।




# कार्यालय ग्राम पंचायत अहिरारा विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अहिरारा विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 13/04/2023 से 20/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/04/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**संतोष कुमार**
**पंचायत सचिव**
**विकास खण्ड सिराथू**
**जनपद कौशाम्बी**

**कोमल**
**ग्राम प्रधान, ग्रां0पं0 अहिरारा**
**विकास खण्ड सिराथू**
**जनपद कौशाम्बी**


## अवैध रूप से हिरासत में लिए जाने के मामले में अशरफ की पत्नी, बेटी और बहन की याचिका खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस द्वारा अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा, बेटी और बहन को अवैध रूप से हिरासत में लिए जाने के मामले में दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह याचिका विचारणीय नहीं है। क्योंकि, याचियों को व्यक्तिगत मुचलके पर रिहा कर दिया गया है और वे अवैध हिरासत में नहीं हैं और ऐसे मामले में याचिका निष्फल हो गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिरला और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह ने जैनब फातिमा उर्फ रूबी व दो अन्य की याचिका पर दिया।सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि भले ही याचिकाकर्ता शारीरिक हिरासत में नहीं हैं। याचिका अभी भी बनाए रखने योग्य है। क्योंकि, याचीगण व्यक्तिगत बांड के कारण उनकी उनकी रिहाई को प्रतिबंधित किया गया है। याचिका में मांग की गई थी कि पुलिस को निर्देश दिया जाए कि वे हिरासत में लिए गए याचीगणों को कोर्ट में प्रस्तुत कर उन्हें स्वतंत्र किया जाए।याचियों की ओर से कहा गया कि उमेश पाल हत्याकांड के बाद एक मार्च को पुलिस तीनों को अवैध रूप से हिरासत में ले लिया। वे तीनों निर्दोष हैं और उन्हें घटना से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस तीन दिनों तक हिरासत में रखा और किसी भी मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया। परिजन एक थाने से दूसरे थाने तक याचियों की तलाश करते रहे। याचियों को पुलिस की मंशा सही नहीं लग रही है।मामले में अपर शासकीय अधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम एक संड ने तर्क दिया कि तीनों याचियों ने सुनवाई के एक दिन पूर्व ही प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस की। ऐसे में अवैध रूप से हिरासत में लेने का कोई प्रश्न ही नहीं है। पुलिस ने तीनों का आईपीसी की धारा 107/116 में चलान कर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

# इलाहाबाद विश्व विद्यालय में छात्रों ने सीएम का पुतला फूंका

## बलिया में छात्र नेता की हत्या पर छात्रों में दिखा रोश, किया विरोध प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर आंदोलनकारी छात्रों ने योगी सरकार का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि बीते दिन बलिया के सतीश चंद्र महाविद्यालय के छात्र नेता हेमंत यादव के ऊपर लाठी डंडों से कुछ छात्रों ने हमला कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान कल मौत हो गया था।उसी को लेकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन पर छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका और कानून व्यवस्था ध्वस्त है, योगी सरकार मस्त है जैसे सरकार विरोधी नारे भी लगाए।



**योगी सरकार अपने नीति पर बिल्कुल नाकाम है :** वहीं छात्र नेता हरेंद्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकार सो रही है और गुंडागर्दी करने वाले माफिया खुले आम घूम रहे हैं। आगे कहा कि कल जिस तरह से बलिया के सतीश चंद्र महाविद्यालय के एक छात्र को लाठी-डंडे से पीटकर उसकी आंख फोड़ दी जाती है, उसके सर पर लाठी डंडे से मार मार कर उसकी हत्या कर दी जाती है। सरकार बताती है कि हम जीरो टॉलरेंस पर काम कर रहे हैं, लेकिन योगी सरकार अपने नीति पर बिल्कुल नाकाम है। आगे कहा कि गुंडे माफिया बेखौफ घूम रहे हैं और यह सरकार पता नहीं किस नशे में मदमस्त होकर के नींद में सो रही है। विधानसभा का घेराव करने का काम करेंगे वहीं दूसरे आंदोलनकारी छात्र नेता राहुल पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में चल रहा है। योगी सरकार कहती हैं कि हम जीरो टॉलरेंस पर काम करते हैं, लेकिन बलिया में जिस तरह से घटना घटित हुई है एक छात्र को पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। वह यह दशार्ती है कि सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह फेल है।

**बलिया की घटना अत्यन्त दुखदायी :** उन्होंने आगे कहा जिस तरह बलिया में घटना हुआ वह बहुत ही दुखद और निंदनीय है, उसी को लेकर आज हम लोग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन पर योगी जी का पुतला फूंका है। यह संदेश दिया कि आने वाले दिनों पर यदि छात्र नेताओं पर ऐसे हमले होते रहेंगे, छात्र नेताओं की हत्या होती रहेगी, तो सारे प्रदेश के छात्र नेता और छात्र संघ के पदाधिकारी मिलकर विधानसभा का घेराव करने का काम करेंगे। योगी सरकार से सवाल जवाब का काम करेंगे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत बम्हरौली विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बम्हरौली विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 13/04/2023 से 20/04/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/04/2023 को 11 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

**नीरज यादव**
**पंचायत सचिव**
**विकास खण्ड सिराथू**
**जनपद कौशाम्बी**

**नियामत उल्ला**
**ग्राम प्रधान, ग्रा0पं0 बम्हरौली**
**विकास खण्ड सिराथू**
**जनपद कौशाम्बी**


# प्रयागराज के अपूर्व ने जर्मनी में नेशनल चैंपियनशिप में मारी बाजी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के अपूर्व मिश्रा ने जर्मनी में हुई नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में कई पदक जीतकर प्रयागराज का नाम रोशन किया है। जर्मनी के गवर्नर कलोल मोनू ने अपूर्व मिश्रा को मेडल प्रदान कर सम्मानित करते हुए बधाई दिया है। अपूर्व मिश्रा प्रयागराज के चौफटका स्थित अंबेडकर विहार कॉलोनी के वरिष्ठ समाजसेवी और क्रिकेटर राजीव कुमार मिश्रा के बेटे है। अपूर्व मेडिसिन विश्वविद्यालय प्लेवेन, जर्मनी में एमबीबीएस के चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं । उनकी शिक्षा - दीक्षा इंटरमीडिएट तक इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका से हुई है। अपूर्व मिश्रा का बचपन से क्रिकेट और बैडमिंटन के प्रति बहुत ज्यादा लगाव था। वह मेजर रंजीत सिंह स्पोर्टस कांप्लेक्स एमजी मार्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उनके मुख्य कोच सलिल श्रीवास्तव थे। अपूर्व मिश्रा ने स्टेट चैंपियनशिप, जूनियर नेशनल एवं वाराणसी में सीबीएसई की क्लास्टर प्रतियोगिता में रनर थे। अपूर्व मिश्रा इस समय जर्मनी के मेडिसिन आफ प्लेवेन विश्वविद्यालय से एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष के छात्र है। जर्मनी के प्लेवेन विवि में सात अप्रैल से नौ अप्रैल तक बैडमिंटन नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई थी जिसमें अपूर्व मिश्रा ने एकल मुकाबले में नेशनल चैंपियनशिप में बाजी मारी और उनको कई मेडल मिले । अपूर्व की मा वरिष्ठ शिक्षाविद श्रीमती अमिता मिश्रा है जो एम आर एस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या है। उनको भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी महराज, उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य एवं किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज, प्रयागराज के पूर्व कमिश्नर डा आशीष कुमार गोयल, मेलाधिकारी कुंभ विजय किरन आनंद, प्रयागराज के पूर्व डीएम भानुचंद्र गोस्वामी, पूर्व निदेशक संजय सिन्हा, अपर शिक्षा निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुर्वेदी, राज्य शिक्षा संस्थान के प्राचार्य नवल किशोर, डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप, प्रयागराज के बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सहित अन्य शिक्षाधिकारियों एवं कई सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया है। अपूर्व मिश्रा को मेडल जीतने पर यूबी के सचिव दिव्यकांत शुक्ला, यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव श्रीमती विभा मिश्रा, डायट प्राचार्य विनय कुमार गिल, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव, डा शैलेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य प्रमुख लोगों ने अपूर्व मिश्रा की सफलता पर बधाई दिया है।

**बैडमिंटन की प्रतियोगिता में जीते कई मेडल, गवर्नर ने किया सम्मानित, पिता है क्रिकेटर तो माता है शिक्षाविद्**




## जागो मतदाता' कार्यक्रम के अंतर्गत शकुंतला का जागरूकता अभियान प्रारंभ




**प्रयागराज।** सामाजिक संस्था शकुंतला चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता अभियान का स्वरा शुभारंभ कर व्यापक पैमाने पर मतदाताओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग हुआ मतदान की विशेषता के संबंध में बताया।जागो मतदाता कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि भारत सरकार की सहयोगी संस्था एंटी क्राइम एंटी करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश निषाद ने बताया कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए जिससे समाज में कर्मठ सुयोग्य एवं ईमानदार जनप्रतिनिधि का चुनाव हो सके ऐसा हम तभी कर पाएंगे जब हम अपने मताधिकार का उपयोग खुलकर करेंगे । संस्था की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती शकुंतला शर्मा ने बताया कि मतदान के दिन विशिष्ट महिलाओं को घर से बाहर निकल कर अपने मत का उपयोग करना ही चाहिए जिससे कुशल एवं सहयोग प्रत्याशी का चुनाव हम अपने विवेक व मताधिकार से कर सके'कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयुषी फाऊंडेशन के अध्यक्ष डा० श्याम देव, चार्टर्ड अकाउंटेंट कमल हिमानी, आर.पी.त्रिपाठी,नित्या नोमानी, अभिषेक शर्मा, अनुराग शर्मा, मनोज त्रिपाठी, विमल शर्मा, कमल शर्मा, विनय, विनोद, सोना शर्मा, बबीता,प्रशांत शुक्ला, चंद्रा, सोनी,महिलाओं सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सत्ता लिप्सा में लोकतांत्रिक परम्पराओं पर आघात पहुंचा रही मोदी सरकार : प्रमोद तिवारी

## उपनेता ने नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस के मजबूत प्रदर्शन का किया ऐलान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र की सभी मजबूत परम्पराओं को कमजोर करने के लिए सत्ता लिप्सा में पूरी तरह ग्रसित करार दिया है। उन्होनें कहा कि जनता या उसके निर्वाचित प्रतिनिधि एक चुनीं हुई सरकार से मंहगाई तथा बेरोजगारी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा तथा कमजोर अर्थव्यवस्था पर जबाबदेही की मांग उठाने का उपक्रम करती है तो यह सरकार संवैधानिक एजेन्सियों का दुरूपयोग कर गैरजिम्मेदाराना पन पर पर्दा डालने का हथकण्डा अपनाती है।

बुधवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रमोद तिवारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के द्वारा मोदी सरकार पर हर शक्ति के दुरूपयोग के आरोपो का समर्थन करते हुए कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ग्रहण लगाने वाली विफल और कमजोर सरकार है। उन्होनें कहा कि प्रदेश मे नगर निकाय चुनाव पर प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस नगर निकाय में पूरी मजबूती के साथ चुनावी मुकाबला करेगी। उन्होने लालगंज टाउन एरिया में चेयरमैन पद पर कांग्रेस की तरफ से निवर्तमान चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी को पार्टी का प्रत्याशी भी करार दिया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के कार्यकाल में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होने कहा कि इक्कीस करोड से अधिक के विकास पैकेज में नगर पंचायत बनने के बाद यहां पेयजल तथा प्रकाश व्यवस्था एवं वॉटर पम्प सप्लाई, सामुदायिक शौचालयों तथा अन्य नगरीय विकास योजनाओं पर पार्टी की चेयरपर्सन के द्वारा अनुकरणीय भूमिका निभाई गयी है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि लालगंज टाउन एरिया की एक और बड़ी उपलब्धि इसके पहले ही कार्यकाल में जनसुविधाओं के लिए विधायक मोना के प्रयास से शासन द्वारा एक करोड चैसठ लाख लागत से नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण होना है। इसके पूर्व श्री तिवारी ने शीतलमऊ में कृष्ण प्रताप सिंह की पत्नी के आकस्मिक निधन पर संवेदना जतायी। अझारा में भी सांसद प्रमोद तिवारी ने हाल ही में नंदू पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। लालगंज कैम्प कार्यालय पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, छोटे लाल सरोज, आशीष उपाध्याय, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।



युवक की मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद प्रमोद तिवारी।

# स्काउट की बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत स्काउट और गाइड, प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता बुधवार को लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। इसमें कब-बुलबुल, स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर संवर्ग के कुल 118 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे ही राज्य स्तरीय बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अर्ह होंगे। सभी प्रतिभागियों को जनपद स्तर का पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। जिला स्काउट कमिश्नर प्रमोद तिवारी और जिला सचिव डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता में प्रा.वि.रैनी खटखरिया,मॉडर्न प्रा.वि.पुलिस लाइन, संविलियन वि.शंकर दयाल रोड, सं.वि.मांधाता,मॉडर्न साइंस वि.जोगापुर, तिलक इं.का.,एसवी इं.का.कटैया, तुलसी इं.का.जमेठी, रामराज इं.का.पट्टी, पीजी कॉलेज पट्टी,पीजी कॉलेज कालाकांकर, एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ की सहभागिता रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय जंबूरी राजस्थान में प्रतिभागिता करने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। परीक्षा संचालन में डॉ. अनुपम ओझा, सुशील सिंह जिला स्काउट मास्टर, संजीव शर्मा डीटीसी, शीला देवी, रक्षा सिंह, गिरेन्द्र द्विवेदी, पूनम दुबे, उर्मिला देवी, अखिलेश पांडेय, सर्वेश सिंह, दिनेश चैधरी, राजाराम यादव डीओसी, दीपक बरनवाल, संजीव कुमार आदि ने सहयोग किया। जिला संस्था द्वारा सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



विजयी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते जिला स्काउट कमिश्नर।

## अध्यक्ष पद के लिए एक व सभासद के लिए बिके अड़तालिस पर्चे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के चुनाव में दूसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद पर एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा। वहीं सभासद पद पर अड़तालिस संभावित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा। तहसील परिसर मे कडी सुरक्षा के बीच नामांकन पत्रो की बिक्री का सिलसिला गहमागहमी मे दिखा। एसडीएम उदयभान सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने प्रशासनिक प्रबन्धों का जायजा लिया। अध्यक्ष पद पर वार्ड नंबर तीन की निवासिनी साबित अली की पत्नी शमां बानो ने पर्चा खरीदा। वही विभिन्न वार्डो से भी संभावित उम्मीदवारों अनुराग पाण्डेय, कमला देवी, सूफिया अंसारी, तौफीक, रमेशचंद्र कौशल, अर्जुन कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, शिवकुमार शर्मा ने भी सभासदी के लिए पर्चे खरीदे। नामांकन पत्रो की बिक्री को लेकर तहसील परिसर मे दूसरे दिन भी समर्थको का भी जमावड़ा दिखा। पुलिस ने गेट पर ही पर्चा खरीदने के लिए पहुंचे संभावित प्रत्याशियों की तलाशी लेकर उन्हें एक एक कर भेजा।

## शहर में अपरान्ह तक पकड़े गये 14 छुट्टा पशु

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में लावारिस घूम रहे छुट्टा पशुओं के खिलाफ जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के निर्देश पर आज बुधवार को सुबह से नगर पालिका ने छुट्टा पशुओं के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें बुधवार को अपरान्ह तक 14 पषु शहर की पुलिस लाइन के पास से पकड़कर बराछा स्थित गोशाला में भेजा गया। बताया जाता है कि शासन ने 31 मार्च तक पूरे प्रदेष में छुट्टा पशुओं के खिलाफ अभियान चलाया था जिसमें प्रतापगढ़ शहर में 70 से अधिक छुट्टा पषु पकड़े गये थे। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने नगर में कुछ छुट्टा पशुओं को घूमता देख नगर पालिका को निर्देशित किया कि अभी भी शहर में छुट्टा पशु घूम रहे हैं जिस पर अधिषाशी अधिकारी राम अचल कुरील ने आज बुधवार को रोडगैंग के कर्मचारियों से फिर से अभियान चलाने का निर्देष दिया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आज कम्पनी गार्डेन से लेकर अम्बेडकर चैराहे तक घूम रहे छुट्टा पशुओं को पुलिस लाइन के पास से एकत्र कर उन्हें बराछा स्थित गोशाला भेजा गया। पूछने पर उन्होंने बताया कि पकड़ी गई अच्छी गायों को कुछ लोग वापस लेने आते हैं तो नगर पालिका उनसे 1500 रुपये जुमार्ना वसूल कर उनका पशु वापस करती है। इस अभियान में मिथिलेश सिंह के अलावा रोड गैंग के कर्मचारी शामिल रहे। उन्होंने यह भी बताया कि दिन में भीड़ के कारण छुट्टा पशुओं को पकड़ना मुश्किल होता है इसलिये यह अभियान रात में भी चलेगा।

# न्यायिक कामकाज का बहिष्कार कर वकीश्लों ने किया विरोध प्रदर्शन, एसडीएम को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कानपुर में साथियों की मांगो को लेकर हो रही हडताल के समर्थन मे बुधवार को स्थानीय वकीलो ने न्यायिक कामकाज का बहिस्कार कर एसडीएम के माध्यम से डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

कानपुर बार एसोशिएसन द्वारा वहां के जिला जज के तबादले की मांग को लेकर चल रही हड़ताल के समर्थन में स्थानीय तहसील एवं दीवानी के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। तहसील परिसर मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे वकीलों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इधर आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में वकीलों का एक प्रतिनिधिमण्डल कानपुर में गुरूवार को प्रदेशीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हुआ। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में एसडीएम के माध्यम से वकीलों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन मे कानपुर के साथियों की मांगो का समर्थन करते हुए प्रदेश मे अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराए जाने की मांग उठायी गयी है। विरोध प्रदर्शन का संयोजन संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी व उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, अनूप पाण्डेय, प्रमोद सिंह, सुजीत त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, आशीष तिवारी, विनय शुक्ल, सिंटू मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, दिनेश मिश्र, शिवेन्द्र तिवारी, अरूण पिपरा आदि अधिवक्ता रहे।

### जिला बार एसोसिएशन ने हड़ताल कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में प्रतापगढ़ के अधिवक्ता जिसमें जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह तथा रूरल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा के नेतृत्व में पूरी कचहरी में जोरदार हड़ताल तथा नारेबाजी करते हुए जिला जज को तथा जिलाधिकारी को अपना विरोध जताते हुए ज्ञापन दिया तथा जिसमें प्रतापगढ़ के समस्त अधिवक्ता गण आज न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपना विरोध जताया अधिवक्ताओं की मांग थी कानपुर जिला जज की कार्यप्रणाली से जो अवरोध कानपुर बार एसोसिएशन में पैदा हुआ है उसको जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए जिला जज कानपुर को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। कानपुर के अधिवक्ताओं के समर्थन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला पूर्व महामंत्री विवेक त्रिपाठी, संतोष सिंह, दीपक मिश्रा, दीपू दिवाकर सिंह, दिव्यंत सिंह बघेल, रजनीश मिश्रा, दिग्विजय सिंह लोकेश मिश्रा, पंकज शर्मा, मनोज कुमार, मुकेश ओझा ईशांत उपाध्याय कौशलेश दुबे, कौशलेंद्र सिंह, रतन, दिनेश पांडे, डीके आदि सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता लोग उपस्थित थे।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना लीलापुर के उ0नि0 राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना लीलापुर के मु0अ0सं0 96/23 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 307 भादवि में 02 वांछित अभियुक्त रिंकू सरोज पुत्र स्व रामचन्द्र उर्फ कल्लू सरोज व राम किशोर पुत्र श्री मुनेश्वर सरोज नि0गण ग्राम बढ़नी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लीलापुर के मोहनगंज तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# दीप यज्ञ के साथ पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा पुराण कथा का हुआ समापन

हनुमान मंदिर चिलबिला में चल रही थी कथा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चिलबिला हनुमान मंदिर पर चल रही पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा गायत्री यज्ञ का दीप यज्ञ का आज समापन हुआ। कथा का नेतृत्व शांतिकुंज से पधारे कैलाश तिवारी के नेतृत्व में 5 दिनों का यज्ञ एवं कथा का चिलबिला वासियों ने लाभ उठाया। आखरी दिन कथा के साथ दीप यज्ञ के अतिथि मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने माता गायत्री, पूज्यनीय गुरुदेव, वंदनीय माता जी का पूजन अर्चन कर दीप यज्ञ का शुभारंभ किया।

शांतिकुंज से आए हुए सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि हर वर्ष मार्च में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सभी भक्तजन इसी प्रकार सहयोग कर पूर्ण के भागीदार बने यही प्रार्थना है। कथा व्यास कैलाश नाथ तिवारी जी ने कहा कि 5 दिनों तक यज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का जिन भक्तों ने अनुसरण किया उनके कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाएंगे। पांच दिवसीय कथा एवं यज्ञ के भव्य व्यवस्थापक अमन चंद्र उपाध्याय ने किया। सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मोहनलाल, प्रमोद कुमार, धर्मवीर सिंह, विपिन तिवारी, हीरालाल, शिवकुमार, जीतलाल, शिव प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, ओम प्रकाश, अतुल, राम लखन, बजरंग लाल, कपिलदेव, छोटे लाल, किशन लाल, मनोज कुमार, दीपक सभासद, मनोज कुमार, पारसनाथ, पप्पू ,सनी, पुष्पा वर्मा, सलोनी, ललिता, राजनंदिनी, अमन गुप्ता आदि रहे।



चिलबिला हनुमान मंदिर पर दीपदान करते श्रद्धालु।

## श्रद्धालुओं का जताया गया आभार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर स्थित नर्वदेश्वर धाम मंदिर परिसर में बुधवार को नवदुर्गा पूजा समिति एवं श्रीराम लीला कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में हाल ही में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता पर श्रद्धालुओं के सहयोग का आभार जताया गया। वहीं बैठक मे कोषाध्यक्ष संजय मोदनवाल व आय व्यय निरीक्षक राजू जायसवाल ने हनुमान जन्मोत्सव मे खर्च का आम सभा में ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसका सदस्यों ने सर्वसम्मत से अनुमोदन भी किया। बैठक की अध्यक्षता सर्वेश कुमार जायसवाल व संचालन प्रदीप सिंह ने किया। इस मौके पर राजकिशोर शुक्ल, रवि जायसवाल, रत्नाकर त्रिपाठी, रामसूरत त्रिपाठी, संजय शुक्ल, कृपाशंकर जायसवाल, श्यामजी जायसवाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली, प्रहलाद मोदनवाल, सुजीत सोनी, नंदलाल मोदनवाल, विवेक जायसवाल, सुनील जायसवाल, आदर्श गुप्ता, सुरेन्द्र विश्वकर्मा आदि रहे।

## टीबी जागरूकता पर शिविर आयोजित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रायपुर तियाई गांव में बुधवार को टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य टीम द्वारा रोग से बचाव की जागरूकता देते हुए ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रारंभिक लक्षणों की भी जानकारियां दी गयी। शिविर में एसटीएस संदीप कुमार त्रिपाठी व बृजेश बहादुर सिंह द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी से पीडित मरीजों को पांच सौ रुपए की सहायता राशि योजना से भी अवगत कराया। वहीं लोगों को इस रोग के लक्षण मिलने पर प्रारंभिक जांच के लिए उपकरणों की उपलब्धता के विषय में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के अलावा आशा संगिनी, आंगनबाड़ी व परिषदीय स्कूल के शिक्षकों की भी उपस्थिति देखी गयी।



टीबी जागरूकता शिविर में शामिल

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 बलबीर सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर केश नं0 901/21 धारा 41, 411, 413, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि थाना कोतवाली नगर से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मो0 नसीम पुत्र भोला नि0ग्राम रतनमई थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना कुण्डा के उ0नि0 श्री रविशंकर तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अ0सं0 276/91 धारा 5/25/27ए आर्म्स एक्ट थाना बाघराय से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शिव शंकर पुत्र रामबरन विश्वकर्मा नि0ग्राम बाबा का पुरवा मनगढ़ थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## सभी जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहें: डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि मा0 राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के मतदान एवं मतगणना को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन की समाप्ति तक मुख्यालय छोड़ना प्रतिबन्धित करते हुये अपरिहार्य परिस्थिति अतिआवश्यक होने पर आयोग की पूवार्नुमति प्राप्त करने के निर्देश दिये गये है। आयोग के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी ने समस्त जिला, तहसील, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने मुख्यालय पर बने रहेगें। कोई भी अधिकारी मुख्यालय बर्हिगमन नही करेगा और प्रत्येक समय मुख्यालय पर उपस्थित रहेगें। अपरिहार्य परिस्थिति में भी जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति लेने के उपरान्त ही मुख्यालय से बाहर जायेगें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाते हुये कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/समस्त नगर पंचायतों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु जनपद में नगरीय निकाय की अदेयता एवं जाति सम्बन्धी प्रमाण पत्रों का निर्गमन करने वाले कार्यो को सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी खोले जायें।

## शस्त्रों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायें

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्रवार शस्त्रों पर प्रभावी अंकुश व नियंत्रण अति आवश्यक हैं। उन्होने निर्देशित किया है कि थानों में जमा कराये जा रहे एवं शस्त्र व्यवसायिक दुकानों की सेफ कस्टडी में जमा हो रहे शस्त्रों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर प्रतिदिन सायंकाल 5.30 बजे तक उपलब्ध करायें। प्रकरण निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने से आच्छादित है, ऐसी दशा में इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता कदापि क्षम्य न होगी।

# कार्डधारकों को 13 अप्रैल से होगा खाद्यान्न का वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह अप्रैल 2023 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। वितरण के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत उप जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से सम्पर्क कर व टोल फ्री नम्बर पर की जा सकती है।

## घर में सिलेंडर फटा, दो घरों की गृहस्थी खाक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाजार से सिलेंडर लेकर पहुंचे ग्राहक ने जैसे ही चूल्हे में आग जलाई थोड़ी देर में ब्लास्ट कर गया जिसे दो घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गयी मौके पर फायर ब्रिगेड तथा पट्टी कोतवाली पुलिस क्षेत्रीय लेखपाल पहुंचे। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के आशापुर गांव का रहने वाला राज किशोर पांडे बाजार में चाय पान की दुकान चलाता है, बुधवार को वह बाजार से सिलेंडर लेकर अपने घर पहुंचा और अपनी पत्नी से चाय बनाने के लिए कहा चूल्हे में जैसे ही उसकी पत्नी ने माचिस की तीली से आग जलाई अचानक सिलेंडर के पाइप में आग लग गई शोर मचाते हुए घर से बाहर निकल आई उसका पति भी बाहर निकल आया, तभी जोरदार धमाका हुआ और पूरी तरीके से घर आग की आगोश में आ गया । आग की लपटों से उसके भाई चंद्र किशोर का घर भी चपेट में आ गया जिससे घर में रखा हुआ सारा गृहस्ती का सामान तथा अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया सूचना पर पट्टी कोतवाली पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची क्षेत्रीय लेखपाल पन्नालाल ने रिपोर्ट शासन को भेज दिया।

## पट्टी बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी के चुनाव में बुधवार को अंतिम दिन कई अधिवक्ताओं ने नामांकन किया जिसमें अध्यक्ष पद हेतु राधा रमण मिश्र, कुंवर प्रभात सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अरविंद कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार पांडे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए विकास श्रीवास्तव, उमेश तिवारी, शिव शंकर सिंह, महामंत्री के लिए शैलेंद्र कुमार तिवारी, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रीराम वर्मा, विजय कुमार श्रीवास्तव, सहमंत्री के लिए मनीष तिवारी, अमरजीत शर्मा, वरुण कुमार पांडे, सचिन कुमार सिंह, महेश कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन किया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नष्ट कराया लहन

**कौशाम्बी।** नगर निकाय के चुनाव आते ही एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे शराब कारोबारियों पर चायल पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज तोमर,अपने हमराइयों के साथ का0 जितेंद्र सिंह, दिनेश तिवारी, हे0का0 राम कुमार गुप्ता, विकास यादव, धर्मेंद्र, यादव, शिवशंकर पांडे, रितेश, के साथ ताबड़ तोड़ कार्यवाही कर 10 लीटर शराब बरामद कर डेढ़ कुंटल लहन को नष्ट कराया।

### छः भैंसा के साथ चार गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पाइंसा पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्तों अल्ताफ खान पुत्र अब्दुल रहमान खान निवासी परेवा थाना मझगवां जनपद सतना मध्य प्रदेश हेदा वारिश पुत्र मो0 अय्यूब अता वारिश पुत्र मो0 अय्यूब निवासी जेहिदपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा व सिराज अहमद पुत्र अब्दुल वहीद निवासी नक्खास कड़ा थाना कड़ाधाम को काजीपुर वारसी इंटर कालेज के पास से 01 अदद महिन्द्रा पिकअप (यू०पी० 73 ए8310 04 राशि भैंस व 02 राशि भैंसा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# नगर निकाय चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन कौशाम्बी में नही हुआ एक भी नामांकन

## पूरे जिले में प्रत्याशियों ने कुल 959 नामांकन पत्र खरीदे

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है,नामांकन के दूसरे दिन भी किसी नगर पालिका और नगर पंचायत के किसी भी पद के लिए एक भीं नामांकन नही दाखिल किया गया। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के नगर पालिका मंझनपुर के लिए अध्यक्ष पद के लिए 21 नामांकन पत्र नही खरीदा गया जबकि सदस्य पद के लिए 177 नामांकन पत्र खरीदे गए है, करारी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 12 और सदस्य पद के लिए 42 नामांकन पत्र खरीदे गए है,नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के अध्यक्ष पद के लिए 07 और सदस्य पद के लिए 83 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे है।

चायल तहसील क्षेत्र के भरवारी नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए 16 और सदस्य पद के लिए 149 नामांकन पत्र खरीदे गए है,चायल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 18 और सदस्य पद के लिए 32 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं,वही चरवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 34




और सदस्य पद के लिए 86 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं,सराय अकिल नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 22 और सदस्य पद के लिए 34 नामांकन पत्र खरीदे गए। सिराथू तहसील क्षेत्र के सिराथू नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 03 और सदस्य पद के लिए 52 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं,वही अझुवा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 15 और सदस्य पद के लिए 40 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं।वही कड़ा धाम नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 23 और सदस्य पद के लिए 93 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं।

### सामान्य निवार्चन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कन्ट्रोल रूम को किया गया स्थापित

**कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर-05331-232132**

**कौशाम्बी।** जिला निवार्चन अधिकारी (न0नि0) सुजीत कुमार के निदेशार्नुसार नगर निकाय सामान्य निवार्चन-2023 को निष्पक्ष पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रट परिसर स्थित ई-डिस्ट्रिक मैनेजर कायार्लय में कन्ट्रोल रूम शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर-05331-232132 है। अधिशासी अभियंता सिंचाई जगदीश लाल एवं जिला कायर्क्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता को कन्ट्रोल रूम/शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है प्रभारी अधिकारी ने सवसार्धारण को सूचित किया है कि नगर निकाय निवार्चन से सम्बन्धित शिकायत/समस्या दूरभाष नम्बर-05331-232132 पर दर्ज करा सकतें है।

### माता-पिता के मरते ही घर का ताला तोड़कर बड़ी बेटी उठा ले गई सामान

**कल्यानपुर कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के जमाल मऊ गांव की रहने वाली मुरदी पत्नी रग्घू वर्तमान में इसी थाना क्षेत्र के निंधियावा गांव में रहने लगी है मुरदी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है और केतकी कुसुम मुरदी और सांवरिया सहित चार बहने हैं शिकायतकर्ता मुरदी ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसकी बहन कुसुम की 15 दिनों पहले मौत हो चुकी है माता-पिता के घर में ताला बंद था लेकिन उसकी बड़ी बहन सांवरिया ने माता पिता के घर का ताला तोड़कर वहां रखा सारा सामान उठा ले गई है उसका कहना है कि इसके पहले भी उसकी बड़ी बहन सांवरिया ने माता पिता के बैंक खाते की संपूर्ण रकम अपने बेटे के नाम हेराफेरी करके ट्रांसफर करवा लिया है अपनी बड़ी बहन के बदनियति से पीड़ित मुरदी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बड़ी बहन पर कार्यवाही की मांग करते हुए माता पिता के सामान को वापस दिलाने की मांग की है उसका कहना है कि उसकी बड़ी बहन की नियत खराब है और वहां माता-पिता के मकान में कब्जा करके उसे बेच लेना चाहती है जिसे रोका जाय।




निर्वाचित शिक्षक

## अशोक द्विवेदी मूरतगंज से निर्विरोध निर्वाचित

**निर्वाचित अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम शिक्षकों के मान सम्मान में कभी भी आंच नहीं आने देंगे**

**भरवारी कौशाम्बी।** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मूरतगंज का चुनाव 12 अप्रैल को बीआरसी मूरतगंज में सकुशल संपन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम पर्यवेक्षक के देखरेख में प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें अशोक द्विवेदी को पुनः तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, रविंद्र नारायण मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया, रविंद्र सिंह को ब्लॉक मंत्री चुना गया एवं दशरथ लाल को कोषाध्यक्ष पद पर अमित कुमार सिंह उपाध्याक्ष विजय वर्मा उपाध्यक्ष ऋचा शर्मा महिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार बत्रा संयुक्त मंत्री रश्मि कुमारी संगठन मंत्री उमेश चंद्र सिंह प्रचार मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। बता दें कि ब्लॉक मूरतगंज से विगत 14 वर्षों से अशोक द्विवेदी निर्विरोध निर्वाचित होते रहे हैं इस बार पुनः उनकी कार्यकारिणी निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए। इस अवसर पर निर्वाचित अध्यक्ष श्री द्विवेदी ने सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम शिक्षकों के मान सम्मान में कभी भी आंच नहीं आने देंगे और स्वाभिमान से कभी भी समझौता नहीं करेंगे उन्होंने कहा कि आप सब ने जो विश्वास जताया है उसको हम कभी खत्म नहीं होने देंगे इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज के मंडली मंत्री अनिल कुमार पांडेय व कौशांबी जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे साथ ही विकास खंड मूरतगंज के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# इस वर्ष भी निरंतर संचालित होगी ओनलाइन संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा : विनय श्रीवास्तव

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा वर्ष 2023 के अप्रैल मास में सञ्चालित होनी वाली 22 संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षाओं का शुभारंभ हुआ जिसमें संस्थान के प्रशिक्षकों समस्त पंजीकृत छात्रों को सूचना प्रदान की । वर्ष 2022-23 में ओनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अभूतपूर्व उपलब्धियों को हासिल करने वाली संस्थान की इस योजना से न केवल प्रदेश अपितु देश में विदेश में बडे पैमाने पर संस्कृतानुरागी समाज लाभान्वित हुआ। संस्थान का उद्देश्य संस्कृत से संस्कृति का संरक्षण हैं संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कही। गौरतलब हैं कि संस्थान द्वारा निरंतर तीन वर्ष से संस्कृत की ओनलाइन कक्षाएं प्रतिमास संचालित हो रही हैं । साथ में ही प्रदेश के प्रत्येक जनपद में संयोजक को नियुक्त कर गृहे गृहे संस्कृत योजना के माध्यम से जिला स्तर से संस्कृत भाषा शिक्षण केंद्र संचालित होंगे । वित्त वर्ष 2023 -24 के प्रथम चक्र के शुभारंभ पर शिक्षार्थियों संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी निराश न हो संस्थान इस वर्ष भी निरंतर ओनलाइन संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षाएं संचालित करेगा। संस्थान के अध्यक्ष आइ. ए. एस. जितेंद्र कुमार भी इस योजना के लिए उत्साहित हैं उन्होंने कहा कि आगे संस्कृत सेवा पोर्टल से समस्त योजनाओं को जोडने की योजना पर काम होगा। योजना सर्वेक्षक चंद्रकला शाक्या ने कक्षा कि अभी तक हम प्रथम एवं द्वितीय स्तरीय पाठ्यक्रम पढा रहे हैं आगे तृतीयस्तर के बारे में चिंतन चल रहा हैं । भाषाध्यापन निरंतर होने से संस्कृत निष्ठ समाज की अपेक्षा हमसे बढ गयी है। उन अपेक्षाओं पर हम पूर्णतया खरा उतरेंगे । प्रशिक्षण प्रमुख सुधिष्ठ मिश्र ने बताया कि यद्यपि अप्रैल मास में अन्य मासों से अपेक्षाकृत कम पंजीयन हुआ हैं पर हमारे समन्वयन गण धीरजमैठाणी, राधाशर्मा तथा दिव्यरंजन की रिपोर्ट बताती हैं कि इस वर्ष भी पूर्ण उत्साह के साथ शिक्षार्थी संस्थान की इस सद्यस्ककक्षा का लाभ लेंगे । इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी दिनेशमिश्र , जगदानन्द झा ने विचार प्रकट कर योजना को सुचारूतया संचालित करने हेतु मार्गदशन किया समन्वयन गण में धीरजमैठाणी ने कक्षा एवं प्रशिक्षक प्रबंधन कर समन्वयक दिव्यरंजन तथा आचार्या राधाशर्मा के सहयोग से समस्त कक्षा का निरीक्षण कर प्रशिक्षकों का अपेक्षित मार्गदर्शन एवं सहयोग किया। विभिन्न समय सुविधा के साथ संचालित होने वाली अप्रैल मासीय 22 कक्षाओं के माध्यम से 1387 शिक्षार्थी आमंत्रित हैं । नूतन सत्र के आरंभ होने पर समस्त प्रशिक्षकों ने गत वर्ष के शैक्षणिक अनुभव साझा कर नये जोश के साथ कार्य करने हेतु अपना उत्साह दशार्या। सत्रारंभ गणेशवन्दना से हुआ । अंत में प्रशिक्षक ओमदत्त द्विवेदी ने समस्त समागतों का धन्यवाद ज्ञापित कर शिक्षण सोपानों का अनुसरण कर परिचय, तत, एतत इत्यादि शब्दों के व्यावहारिक प्रयोग पर प्रकाश डाला । सायंकालीन 06:00 बजे की इस कक्षा में 40 शिक्षार्थी उपस्थित थें जिनमें से हृषीकेश, बबली गुप्ता, डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, विजय शंकर पाठक,शिवांगी यादव, अमित, आनन्द कुमार, श्यामू त्रिपाठी संध्या गुप्ता,पंकज कुमार, संजय पाण्डेय आदि ने विशेष उत्साह दिखाया। पंजीयन हेतु संस्थान की वेबसाइट को विजिट कर सकते हैं।

### बोलेरो की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थानांतर्गत नियामतपुर गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पर बैठा ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट विनोद यादव और ई म टी धर्मराज दुर्घटना स्थल पर पहुंचें और ई रिक्शा चालक ओम प्रकाश को 108 एम्बुलेंस से लेकर प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### जुआँ खेलते चार गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारक चार अभियुक्तों पन्ना लाल पुत्र स्व0 रामदुलारे मिथलेश पुत्र सरजू प्रसाद जय सिंह पुत्र भइयालाल श्यामलाल पुत्र छोटेलाल निवासीगण पिपरी थाना चरवा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 700 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 3200 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।



रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल सिराथू विधायक

## रोजा इफ्तार पार्टी में कार्यकताओं के साथ शामिल हुई सिराथू विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी से सिराथू विधायक पल्लवी पटेल अपने दर्जनों कार्यकताओं समर्थकों के साथ बुधवार को भरवारी कस्बे में समाजवादी पार्टी के नेता गुलाम हुसैन पूर्व जिला महासचिव के द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुई है जहां उन्होंने भाईचारे का संदेश दिया है इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर करारा हमला किया है नगर पालिका परिषद भरवारी में सपा नेता के घर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में डॉ. पाल्लवी पटेल सिराथू विधायक प्रदेश अध्यक्ष डॉ.रामकरन निर्मल रामसरन निर्मल पूर्व प्रत्याशी कैलाशचन्द्र केशरवानी विधानसभा अध्यक्ष असलम संतोष केशरवानी इफ़्तेकार अहमद विक्की साहू सहित तमाम समाजवादी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता शामिल हुए।

**हजारों घरों में गहराया पेयजल संकट**

# नगर पालिका भरवारी में दो पंप हाऊस की मोटर जली



भरवारी पानी की टंकी

**कौशाम्बी।** जिले की नगर पालिका परिषद भरवारी में भरवारी पुरानी बाजार और कशीया पूरब के दो पम्प हाउस की मशीन जल गई है जिससे पानी की सप्लाई मंगलवार की शाम से बाधित है।ईओ शैलेंद्र मिश्रा ने पानी की सप्लाई चालू कराने के लिए संबंधित को आदेश दिया है जिसके बाद ठेकेदार और कर्मचारी कार्य में जुट गए है।

नगर पालिका परिषद भरवारी के लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए पंप हाऊस से सीधे पानी की सप्लाई चल रही थी, मगलवार की शाम को अचानक कुछ टेक्निकल खराबी के चलते पंप हाऊस की मोटर जल गई, जिससे पानी सप्लाई में भारी संकट गहरा गया, लेकीन अन्य पंप हाऊस से पाइप लाइन जोड़ कर पानी सप्लाई सुरू तो हो गई लेकीन सप्लाई इतनी धीरे थी कि लोगों को पानी को भरने में काफी समय लग रहा है। भरवारी पुलिस चौकी के बगल में स्थित 41एचपी का पानी सप्लाई हेतु पंप हाऊस बना है ,जिसकी मोटर जल गई है,मोटर जल जाने से भरवारी कस्बे के पुरानी बाजार, खल्लाबाद खासकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में पानी संकट गहरा गया है ' पुरानी बाजार के लगभग एक हजार घरों में पानी सप्लाई बाधित चल रही है 'रमजान महीने में मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र में पानी सप्लाई बाधित होने से रोजेदारों को पानी नहीं मिलने से समस्या से जूझ रहें हैं। मुरतगंज के कशिया पूरब के वॉर्ड नंबर 18 मोती लाल आजाद नगर में स्थित पंप हाऊस की 30 एचपी की मोटर जलने से जहां मूरतगंज, कासिया पूर्व, नादिरगंज सहित एक हजार घरों में पानी सप्लाई बाधित होने से आम जन मानस इस विकराल गर्मी में बहुत ही समस्या हो रहीं हैं, हजारों घरों में पानी सप्लाई बाधित होने से लोग हलाकन हो रहें हैं वहीं लोगों को हैंड पंप से पानी लेकर आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वही इस गर्मी में हैंड पंप भी जवाब दे रहे हैं। नगर पालिका में मोटर जलने की खबर पर ईओ शैलेंद्र मिश्रा के आदेश पर बुधवार की सुबह जली मोटर को ठीक करने के लिए ठेकेदार अपने साथ मिस्त्री को लेकर पंप हाऊस की जली हुई मोटर को ठीक करने पहुंचे और पानी की सप्लाई को ठीक करने में जुट गए है। नगर पालिका भरवारी में 41 एचपी की एक नई मोटर कुछ वर्षो पुर्व खरीदी गई थी, जिसको किसी भी पंप हाऊस की मोटर जलने पर उसका प्रयोग किया जाना था, चर्चा है कि नगर पालिका के एक चर्चित आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने उक्त मोटर किसी को बेच दिया है, जिसके चलते पंप की मोटर जलने पर तत्काल उसको सही नहीं कराया जा सकता है।

इस संबंध में ईओ शैलेंद्र मिश्रा का कहना है कि पूर्व में एक नई मोटर नगर पालिका में आने की जानकारी मिल रही है,लेकिन वह कैसे और कहा है इसका पता किया जा रहा है,यादि वह मोटर कही बेची गई है तो इस संबंध में जांच कराकर आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।



### ट्रेन की टक्कर से अधेड़ का कटा पैर अस्पताल में कराया गया भर्ती

**भरवारी।** कौशांबी कोखराज थाना क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के बिदानपुर रेलवे स्टेशन के पास अप लाइन पर रेलवे लाइन पार करते समय एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है जिससे उसका एक पैर कट गया है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में अधेड़ को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। बताया जाता है कि कोखराज थाना क्षेत्र के बालक मऊ गांव निवासी रोशन कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र शिवलाल बुधवार की दोपहर रेल लाइन पार कर रहे थे अचानक वह ट्रेन से टकरा गए हैं जिससे उनका बाया पैर घुटने के नीचे कट गया है गंभीर अवस्था में उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

# जिले की सभी सूखी नहरों में टेल तक छोड़ा जाए पानी : अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से जनपद कौशांबी की सभी सूखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ने की मांग की है। बुधवार को ग्राम गंभीरा पूर्व में क्षेत्रीय किसानो के साथ अजय सोनी ने बैठक की। बैठक में नहरों में पानी न आने को लेकर किसानो ने शिकायत की। किसानो का कहना था कि करारी माइनर समेत जिले की तमाम नहरों में पानी न आने से जायद की फसलें सूख रहीं हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सब्जियों, फलों एवं पिपरमेंट की खेती का हो रहा है। साथ ही नहरों में पानी न आने से गांवों के तालाब भी सूखे पड़े हैं जिसके चलते भारी दिक्कत हो रही है। किसानो का कहना था कि अगर नहरों में पानी आ जाए तो गांवों के



बैठक करते समर्थ किसान पार्टी नेता

तालाब भर जाएं जिससे गांवों में पशुओं के लिए पीने का पानी और तमाम अन्य जरूरते पूरी हो सकें। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से सूखी नहरों में तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक आए दिन हो रही आगजनी की घटनाओं से हो रहे जान माल के नुकसान को भी काफी हद तक नहरों के चलने से होने वाले जलभराव के चलते रोका जा सकता है। अजय सोनी ने तत्काल जिले की सभी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने की जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से मांग की है। इस अवसर पर लवलेश तिवारी, राम मूरत तिवारी, विजय शंकर मिश्र, अशोक पांडेय, राजू प्रजापति, दिनेश पाल, चंद्र प्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# गरीबों को मिले आवास में प्रधान के गुर्गों द्वारा जबरन लिया जा रहा है रुपया!

## पूरे जिले के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से बेखौफ तरीके से वसूली किए जाने के चलते आवास योजना से जुड़े अधिकारियों की निष्ठा पर खड़े हो रहे तमाम सवाल!

**अखंड भारत संदेश**


**कल्यानपुर कौशांबी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गरीबों को आवास दिए जाने का सपना कौशांबी जिले के अधिकारी चकनाचूर कर रहे हैं। आवास लाभार्थियों से खुलेआम वसूली हो रही है लेकिन विकास भवन के जिम्मेदार अधिकारी जांच कराकर दोषियों को दंडित कराने के बजाय ड्रामेबाजी कर इस अवैध वसूली से अपना किनारा कर रहे हैं लेकिन वसूली करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई जा रही है जिससे प्रधानमंत्री आवास की वसूली में लगे लोगों के हौसले बुलंद है पूरे जिले के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से बेखौफ तरीके से वसूली किए जाने के चलते आवास योजना से जुड़े अधिकारियों की निष्ठा पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली के मामले की योगी सरकार ने जाँच कराई तो विकास भवन के अधिकारियों की मुसीबत बढ़ना तय है लेकिन क्या योगीराज में निष्पक्ष जांच हो पाएगी। तहसील सिराथू के अहिरारा ग्राम में शासन द्वारा गरीबों को आवास मुहैया कराया गया है।लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा अपने गुर्गों के माध्यम से प्रत्येक आवास लाभार्थी से 20 से 25 हजार रुपए जबरन लिया जा रहा है। प्रधान के गुर्गों को जिस व्यक्ति ने रकम देने से मना किया है।उसे इस बात की धमकी दी जा रही है कि तुम्हारी दूसरी किस्त नही मिलेगी।बेचारे गरीब डर के मारे पहली किस्त में से 10 से 15 हजार दे दिए और जब दूसरी किस्त आ गई तो फिर 10 -10 हजार लिया जा रहा है।एक लाख बीस हजार रूपए में जब गरीब 20 से 25 हजार घूस दे देगा तो वह आवास कैसे बनाएगा। यदि अहीरारा में गुप्त जांच की गई तो सारा मामला खुल कर आ जायेगा।और गरीबों को मिले आशियाने की कम से कम एक कमरा में छत तो पड़ जायेगी।शासन विशेष रूप से अहिरारा में जरूर गुप्त जांच कराए।

### 89 लीटर शराब के साथ सात अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में विभिन्न थानों द्वारा कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 89 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है। थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त केशनिया निषाद पुत्र दयाराम निवासी व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 7 लीटर अवैध शराब व धीर सिंह पटेल पुत्र स्व0 रामवरन सिंह पटेल निवासी अचाकापुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लालचन्द्र पुत्र शंकर लाल निवासी खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बुद्धिराम पुत्र अगनू निवासी गढ़वा थाना कौशाम्बी को से 17 लीटर इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अरुण पटेल पुत्र नन्दलाल निवासी नरसिंहपुर कछुवा थाना सैनी से 10 लीटर इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नन्हकू पुत्र स्व0 सुकरू नि० मोगरीकड़ा थाना मोहब्बत पुर पइन्सा से 15 लीटर थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुखलाल सरोज पुत्र स्व0 किशोर निवासी मलाक मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपनघाट से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर सभी अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### अनियंत्रित कार सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में पलटी, कार सवार घायल



**कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक खोदाय गंज के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में पलट गई, हादसे में कार सवार घायल हो गए,मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल कार सवारों को बहार निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है समाचार लिखे जाने तक घायलों का नाम पता नहीं मालूम हो सका है। घटना क्रम के मुताबिक बुधवार को मंझनपुर की तरफ जा रही एक कार सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक खोदाय गंज गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में पलट गई।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा



**कौशाम्बी।** 5 वर्षों पूर्व पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है अभियुक्त पर अदालत ने 38 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। थाना पश्चिम शरीरा अंतर्गत 23.12.2017 को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त बडकू उर्फ चंद्रिका सिंह पुत्र रफकू सिंह उर्फ रामपाल निवासी गोराजू थाना पश्चिम शरीरा को न्यायालय एडीजे- 07/पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी परवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 38 हजार रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### चोरी के भैंस के साथ आरोपियों को पकड़ने के बाद छोड़ा



**बेनी राम कटरा कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के जाठिया गांव निवासी देवदत्त पुत्र शिव मोहन यादव की भैंस को चोर उठा ले गए जिसकी कीमत 80 हजार रुपए बताई जाती है भैंस को चोरी करके चोर वाहन में लेकर जा रहे थे मामले की भनक पुलिस चौकी बेनीराम कटरा के सिपाहियों को लग गयी पुलिस चौकी के सिपाहियों ने घेराबंदी कर आधी रात को दो गाड़ी में लगी चार भैंस को रोक लिया पीड़ित ने आधी रात को ही मामले की सूचना 112 डायल पुलिस को दिया पीड़ित देवदत्त का कहना है कि वाहन समेत 4 भैंस को पकड़ने के बाद पुलिस ने उसे बुलाकर भैस देने के बजाय आरोपियों को छोड़ दिया है।

### लावारिश हालत में खड़ी बाईक को पुलिस ने किया बरामद



**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी क्षेत्र के तेलय्या टीकुर चौराहा के पास लावारिश हालत में बुधवार को एक बाइक खड़ी मिली लावारिस बाइक देखकर लोगों ने मामले की सूचना पुलिस चौकी को दी सूचना मिलने पर मौके पर भरवारी चौकी पुलिस के सिपाही पहुंचे और लोगों से पूछताछ की लेकिन लावारिस बाइक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी जिस पर लावारिस बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और लावारिस बाइक के बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही की बाइक किसकी है और कैसे यहां तक पहुंची है।

## जन संपादकीय

# बेखौफ होने का इंतजार

**कोई** आपकी नीतियों की आलोचना करे, तो इसका बिल्कुल भी ये मतलब नहीं होता कि वो 'एंटी नेशनल' है, अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र में आलोचना के अधिकार को लेकर ये महत्वपूर्ण टिप्पणी हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि महाराष्ट्र सरकार तक इस टिप्पणी से निकला संदेश पहुंचा नहीं है या फिर सरकार ने इसे अनसुना कर दिया है। क्योंकि महाराष्ट्र की शिंदे गुट वाली शिवसेना और भाजपा की गठबंधन सरकार ने दो युवा गायकों पर उनके गीतों के कारण मामला दर्ज किया है। ये दोनों युवक अलग-अलग पृष्ठभूमि के हैं, दोनों ने गीत भी अलग-अलग समस्याओं को लेकर अलग ढंग से लिखे। लेकिन दोनों के गीतों को सोशल मीडिया पर खूब देखा और सराहा गया। इसका सीधा मतलब यही है कि जनता भी उनके गीतों और गीतों में व्यक्त भावनाओं से इत्तेफाक रखती है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार को ये गीत नागवार गुजरे और इसलिए अब इन युवा कलाकारों पर कानून का डंडा चलाया गया है। औरंगाबाद के रैपर राज मुंगासे का मराठी भाषा में रैप गीत आया, जिसका शीर्षक है चोर और इसके शुरूआती बोल हैं 'चोर आले 50 खोखे घेऊं किती बाघा, चोर आले' एकदम ओके हूं', जिसका हिंदी अनुवाद है कि 'देखो, चोर 50 करोड़ रुपये के साथ आ गए हैं। देखो, चोर बिल्कुल ठीक दिखते हैं।' इस गीत में श्री मुंगासे ने किसी राजनैतिक दल, किसी नेता का नाम नहीं लिया, लेकिन एकनाथ शिंदे सरकार ने इसे आपत्तिजनक पाया। गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे और उनके साथ गए विधायकों पर दल बदलने और उद्धव ठाकरे सरकार को गिराने के एवज में मोटी रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। इस राजनीतिक तख्तापलट के बाद श्री शिंदे मुख्यमंत्री बने थे। राज मुंगासे के गीत को शिंदे सरकार ने अपने ऊपर ले लिया और शिंदे गुट के एक कार्यकर्ता ने राज मुंगासे पर प्राथमिकी दर्ज कराई। राज मुंगासे पर धारा 501 (मानहानि), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान) और 505 (2) (वर्गों के बीच दुश्मनी पैदा करने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि राज मुंगासे दलित समुदाय से आते हैं, अम्बेडकरवादी आंदोलनों में वे भाग लेते रहे हैं और हाल ही में उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया है। महाराष्ट्र सरकार के निशाने पर आने वाले दूसरे रैपर हैं उमेश खाडे, जो खाडे शंभो के नाम से मशहूर हैं। उनके गीत 'जनता भोंगली केली' यानी आपने जनता को नंगा कर दिया, में भी किसी राजनैतिक दल का जिक्र नहीं है, बल्कि गीत में इस ओर ध्यान दिलाया गया है कि कैसे गरीब और हाशिये पर पड़े लोगों को जीवनयापन के लिए उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है, जबकि राजनीतिक दल बड़ी-बड़ी सौदेबाजी में व्यस्त हैं। इस गीत पर मुंबई पुलिस की क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट ने शिकायत दर्ज की। उन पर आईपीसी की धारा 504, 505 (2) और आईटी अधिनियम 2000 की धारा 67 (इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अश्लील सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया। हालांकि उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। वैसे महाराष्ट्र में भोंगली एक आम ग्रामीण शब्द है, जिसका इस्तेमाल नग्नता के संदर्भ में किया जाता है और खाडे शंभो ने राज्य पर अपने नागरिकों की परवाह नहीं करने के लिए तीखे लहजे में इस शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने विपक्ष के नेताओं पर भी अपने गीत में निशाना साधा है। दो रैपरों को उनके मन के गीत लिखने और सुनाने पर कानूनी कार्रवाई का सामना महाराष्ट्र में करना पड़ा है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, सत्ता के कोपभाजन पहले भी बहुत से लोग केवल इसलिए बने हैं, क्योंकि उन्होंने सत्ता की आलोचना करने या नेता का मखौल उड़ाने की हिम्मत दिखाई। प.बंगाल में जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अंबिकेश महापात्रा को 11 साल पहले ऐसी ही कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा था, क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी पर बने एक कार्टून को आगे बढ़ाया था। अंबिकेश महापात्रा को 2012 को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उन्हें बाद में जमानत मिल गई और अभी इस साल जनवरी में वे पूरी तरह दोषमुक्त करार दिए गए। प्रो. महापात्रा ने आरोप मुक्त होने पर कहा था कि कानूनी लड़ाई के अंत के बाद उन्हें अच्छा लगा, लेकिन वे उस दिन का इंतजार करेंगे जब लोग ऐसे झूठे मामलों के खिलाफ उठेंगे और इस युग से झूठे मामलों का अंत होगा। प्रो.महापात्रा ही नहीं, देश के तमाम नागरिकों को ऐसे दिन का इंतजार है, जब वे बेखौफ अपने देश में रह सकें और गलत को गलत, सही को सही कहने की आजादी महसूस कर सकें। सत्ता पर बैठे लोगों पर कोई कार्टून बना दे, तंज कस दे या उनकी कमियों की ओर इशारा कर दे, उन्हें उनके कर्तव्यों की याद दिला दे, ये बता दे कि सत्ता पर वे सुख भोगने के लिए जनता की सेवा के लिए बैठे हैं, तो इन सबसे माननीयों की भावनाओं को ठेस पहुंच जाती है। लेकिन कुछ लोग जो सरेआम देश के संविधान को धता बताकर वैमनस्य फैलाने का काम करते रहते हैं, उन पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती। बल्कि कई बार तो सत्ता उन्हें संरक्षण देती है, जिससे विभाजनकारी ताकतों की हिम्मत और बढ़ जाती है। जैसे इस रविवार को ही पूर्वोत्तर दिल्ली के करावल नगर में आयोजित एक 'हिंदू राष्ट्र पंचायत' में यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के सदस्यों ने 'हिंदू राष्ट्र' बनाने और 'लव जिहाद' को लेकर कार्रवाई करने का आह्वान किया। भाजपा नेता और यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा, '2025 में आरएसएस के 100 साल पूरे होने से पहले उसका लक्ष्य देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करना है। हम सबसे पहले उत्तर-पूर्वी दिल्ली को एक हिंदू राष्ट्र जिला बनाएंगे और फिर पूरे देश को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे। इस कार्यक्रम में कई भाजपा नेता भी शामिल थे। कार्यक्रम में नफरती भाषण दिए गए, लेकिन उस पर पुलिस क्या कार्रवाई कर रही है, अभी कुछ पता नहीं। अलबत्ता पुलिस ने आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया कि कार्यक्रम के लिए पुलिस से अनुमति नहीं ली थी। सरेआम देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का ऐलान करना देश के लिए खतरनाक है या फिर गरीबी के लिए आवाज उठाना और राजनैतिक बेईमानी पर तंज कसना घातक है, इस सवाल पर समाज को मंथन करना चाहिए, और अपना जवाब सरकार तक पहुंचाना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ सरकार के लिए चुनौती

**जिन राज्यों में रामनवमी शांति से आकर बीत जाती थी, वहां भी अब तनाव पसरने लगा है। निश्चित ही इसके पीछे राजनैतिक एजेंडा है, ताकि धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटकर वोट बटोरने में सहूलियत हो**



**कांग्रेस** शासित राज्य छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में बच्चों के बीच का झगड़ा जानलेवा हिंसा से होता हुआ सांप्रदायिक तनाव तक पहुंचा दिया गया। जिसके बाद सोमवार को विश्व हिंदू परिषद ने छत्तीसगढ़ बंद का ऐलान किया। राजधानी रायपुर समेत राज्य के कई इलाकों में विहिप के साथ भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। चक्काजाम करने से लेकर बाजारों को बंद कराने में ये कार्यकर्ता सक्रिय रहे। हालात काबू में रहें, इसके लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखा रहा है। अलग-अलग समुदायों के लोगों के साथ बैठक कर शांति बनाए रखने की अपील पुलिस ने की है। साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, ताकि किसी भी नागरिक तक तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। दंगों के इतिहास में यह बात बार-बार सामने आई है कि अगर पुलिस-प्रशासन ठान ले तो स्थिति को संभाला जा सकता है और अगर पुलिस भी राजनैतिक एजेंडे का मोहरा बन जाए, तो फिर दंगों की आग सब कुछ तबाह कर-के ही बुझती है। इसलिए छत्तीसगढ़ में पसरे तनाव के बीच पुलिस की सक्रियता से आश्वस्ति मिलती है। अभी रामनवमी के आसपास उत्तरप्रदेश के आगरा में भी पुलिस की सक्रियता से ही सांप्रदायिक आग भड़कने से पहले रुक गई थी। यहां अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी ने कुछ हिंदू और मुस्लिम लड़कों के साथ मिलकर गाय काटी और फिर इसका इल्जाम दूसरे मुस्लिम लोगों पर लगा दिया, जिनसे उनकी पुरानी रंजिश थी। यह साजिश रामनवमी पर हिंसा भड़काने के लिए रची गई थी, लेकिन आगरा पुलिस की सतर्कता और त्वरित जांच से सारा खुलासा हो गया और एक बड़ा तनाव टल गया। वैसे भी रामनवमी के मौके पर प.बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र आदि कई राज्यों में जिस तरह हिंसा भड़की वह चिंताजनक है, क्योंकि वर्षों से रामनवमी, हनुमान जयंती जैसे पर्वों पर शस्त्रों और शक्ति का बेजा प्रदर्शन कर धर्म के नाम पर आतंक दिखाने का चलन बढ़ गया है।

जिन राज्यों में रामनवमी शांति से आकर बीत जाती थी, वहां भी अब तनाव पसरने लगा है। निश्चित ही इसके पीछे राजनैतिक एजेंडा है, ताकि धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटकर वोट बटोरने में सहूलियत हो। राहत इंदौरी का शेर है कि- सरहदों पर बहुत तनाव है क्या, कुछ पता तो करो चुनाव है क्या। जब-जब चुनाव आते हैं, लोगों का ध्यान उनकी बुनियादी समस्याओं से हटाने के लिए देशभक्ति, राष्ट्रवाद के मसले खड़े कर दिए जाते हैं। अब यही खेल धर्म के साथ हो रहा है। चुनाव नजदीक हैं तो समाज में तनाव बढ़ाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ हिंदी पट्टी के बाकी राज्यों की अपेक्षा सांप्रदायिक सौहार्द्र के नजरिए से मजबूत प्रदेश रहा है। यहां देश के अलग-अलग राज्यों के लोग विभिन्न उद्योगों और उपक्रमों में कार्यरत हैं और समाज में सद्भाव की एक अंतधार्रा हमेशा से बहती रही है। लेकिन अब उसमें खलल पड़ता नजर आ रहा है। छत्तीसगढ़ के सामाजिक सौहार्द्र के ताने-बाने को तोड़ने की सायास कोशिश हो रही है, इसका ताजा उदाहरण बेमेतरा की घटना से सामने आया है। जहां बीरनपुर गांव में शनिवार को स्कूली बच्चों के बीच झड़प के बाद हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा में गांव के 23 बरस के युवक भुवनेश्वर साहू की मौत हो गई और तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। हालात संभालने के लिए प्रशासन ने धारा 144 लगाई, लेकिन स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। मृतक का अंतिम संस्कार कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया, लेकिन गांव में स्थिति संभलने तक पुलिस की तैनाती की गई है, साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा भी दी गई है। किसी की भी हत्या होना दुखद है, लेकिन उससे भी अधिक दुखद है उस घटना को धार्मिक विद्वेष की राजनीति का हथियार बनाना। अगर मृतक का शोकाकुल परिवार इंसाफ की बात करे, नाराज लोग सरकार और प्रशासन की कमियां गिनाएं, तो यह उनका लोकतांत्रिक हक है। लेकिन एक हत्या के बाद बंद का आह्वान, सड़क पर हनुमान चालीसा का पाठ और हिंदू जागो के गीत गाना, किस तरह इंसाफ की राह प्रशस्त करता है, यह सवाल प्रदर्शनकारियों से किया जाना चाहिए। गांधीजी कहते थे आंख के बदले आंख का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा कर देगा। यह बात हर विवाद में लागू होती है। छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक तनाव का यह पन्ना ऐसे वक्त खोला जा रहा है, जब चंद महीनों में चुनाव होने वाले हैं। पिछली बार 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा के 15 सालों के शासन को खत्म कर दिया था। जिस वक्त कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हारती जा रही थी, उस समय छत्तीसगढ़ की यह जीत काफी बड़ी और महत्वपूर्ण मानी गई। मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार बनी थी, लेकिन मप्र की सरकार भाजपा के ऑपरेशन लोटस का शिकार बन गई और राजस्थान में तो पांच साल में सत्ता परिवर्तन के नियम का चलन ही बरकरार रहा। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत से यहां पार्टी की मजबूती का संदेश देश भर में गया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के स्टार प्रचारक के तौर पर देश भर में दौरे करते हैं। हाल ही में हुए कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन से भी राज्य में कांग्रेस की मजबूत पकड़ दिखी है। इस अधिवेशन के पहले ईडी औ? आयकर विभाग के कई छापे कांग्रेस से जुड़े लोगों पर पड़े, लेकिन कांग्रेस और मुख्यमंत्री इससे अविचलित ही दिखे। ऐसे में भाजपा के लिए इस बार फिर चुनाव में जीत हासिल करना संकट भरा सवाल बन गया है। भाजपा के हिंदुत्ववादी एजेंडे को भूपेश बघेल राजनीति के शुरूआती दिनों से नकारते और चुनौती देते आए हैं। दिसंबर, 1992 में जब बाबरी मस्जिद ढहाई गई थी, तब श्री बघेल युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष थे और उस वक्त तत्कालीन दुर्ग जिले में साढ़े तीन सौ किलोमीटर की 'सद्भावना पदयात्रा' उन्होंने निकाली थी। अब वे राज्य के मुख्यमंत्री हैं तो जाहिर है सांप्रदायिक ताकतों को सिर उठाने के लिए यहां जगह नहीं मिल पा रही है। लेकिन इसकी कोशिशें जारी हैं। ऐसे में कांग्रेस सरकार को यहां और अधिक सतर्क रहने और संभल कर काम करने की जरूरत है। 1992 से लेकर 2023 तक देश की राजनीति का ढंग और समाज की सोच दोनों ही बदल चुके हैं। उम्मीद है छत्तीसगढ़ इस बात को समझेगा और शांति की राह पर डटा रहेगा।

> एक हत्या के बाद बंद का आह्वान, सड़क पर हनुमान चालीसा का पाठ और हिंदू जागो के गीत गाना, किस तरह इंसाफ की राह प्रशस्त करता है, यह सवाल प्रदर्शनकारियों से किया जाना चाहिए। गांधीजी कहते थे आंख के बदले आंख का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा कर देगा। यह बात हर विवाद में लागू होती है। छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक तनाव का यह पन्ना ऐसे वक्त खोला जा रहा है, जब चंद महीनों में चुनाव होने वाले हैं

# चुनावी बॉन्ड की बिक्री पर अंतरिम रोक लोकतंत्र के हित में होगी

नित्य चक्रवर्ती



**चुनावी** बॉन्ड की 25वीं किश्त के मामले में नरेंद्र मोदी सरकार ने मूलभूत नैतिकता का उल्लंघन किया तथा पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बॉन्ड योजना के नियमों में हड़बड़ी में संशोधन किया तथा अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी गई, एक वैसे समय में जब राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने थे। चुनावी बॉन्ड की 26वीं किश्त 3 अप्रैल से बिक्री पर रखी गई है और यह 12 अप्रैल तक जारी रहेगी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 10 मई को होने हैं। चुनावी बॉन्ड के प्रमुख लाभार्थी, इससे मिले धन का पूरा उपयोग करने की स्थिति में होंगे जो इस महत्वपूर्ण राज्य के चुनाव प्रचार और अन्य खर्चों के लिए बांड से हुई आय से उपलब्ध होगा। भाजपा के पास बड़े पैमाने पर वित्तीय संसाधन हैं, लेकिन कुछ अतिरिक्त का हमेशा स्वागत है, खासकर कर्नाटक चुनावों के बाद जहां लालची विधायकों के फर्श को पार करने में नकदी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चुनावी बॉन्ड की 25वीं किश्त के मामले में नरेंद्र मोदी सरकार ने मूलभूत नैतिकता का उल्लंघन किया तथा पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बॉन्ड योजना के नियमों में हड़बड़ी में संशोधन किया तथा अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी गई, एक वैसे समय में जब राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने थे। मूल चुनावी बॉन्ड योजना, 2017 के विरूद्ध याचिका पहले से ही सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और अगली सुनवाई इसी सप्ताह होने की उम्मीद है। इस 2017 अधिनियम के प्रावधानों को कानूनी विशेषज्ञों द्वारा पहले ही चुनौती दी जा चुकी है और यहां तक कि चुनाव आयोग ने भी कुछ प्रावधानों के बारे में संदेह व्यक्त किया है। चुनावी बॉन्ड की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने वाले वकील बॉन्ड के आगे चलन पर रोक चाहते थे, लेकिन इसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में अतिरिक्त30 दिनों की विंडो की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी। निर्धारित बिक्री इस साल 19 जनवरी से 28 जनवरी तक हुई थी। जुलाई 2022 की बिक्री में, चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कुल रुपए 10,246 करोड़ आये थे। अक्टूबर 2022 के चंदे का आंकड़ा अभी उपलब्ध नहीं है लेकिन 2020-21 वित्तीय वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि भाजपा को वित्त वर्ष के दौरान जुटाये गये कुल धन का 75 प्रतिशत हिस्सा मिला।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक, और मध्यप्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने में हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायक खरीदे हैं। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दल-बदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धन जुटाया गया था।

इसके बाद वहां शिंदे-भाजपा की सरकार बनी। विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने के इन सभी कदमों में, भाजपा ने कॉरपोरेट चंदे, चुनावी बॉन्ड के पैसे और विदेशी चंदे के माध्यम से जुटाये गये अपने विशाल उपलब्ध धन का उपयोग किया। कर्नाटक में, वर्तमान भाजपा सरकार को 40 प्रतिशत सरकार के रूप में जाना जाता है क्योंकि सभी निजी अनुबंधों के लिए ठेकेदारों को संबंधित भाजपा नेताओं को 40 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होता है।

इसी तरह, पांच चुनावी ट्रस्टों ने मिलकर 2021-22 में भाजपा को 481 करोड़ रुपये से अधिक के अपने कुल योगदान का 72 प्रतिशत वितरित किया, जबकि कांग्रेस ने किटी का मात्र 3.8 प्रतिशत हिस्सा साझा किया। बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग भाजपा के लिए एकतरफा रास्ता है क्योंकि चंदा देने वाली कंपनियां केंद्र में सत्ताधारी पार्टी को नाराज कर आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह स्पष्ट था क्योंकि राहुल गांधी के साथ बातचीत के बाद बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज केंद्रीय एजेंसियों के हमलों से आशंकित थे। भारतीय कारपोरेटों में यह डर इस कदर हावी है कि औद्योगिक घरानों के नौजवान वंशज जो भाजपा को पसंद नहीं करते और भविष्योन्मुखी हैं, वे भी चुप रहते हैं क्योंकि वे केवल कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं। शुद्ध परिणाम यह है कि चुनावों में कोई समान अवसर नहीं है। भाजपा विपक्षी दलों की तुलना में दस गुना से अधिक पैसा खर्च करने की स्थिति में है। इसके पास जरूरत पड़ने पर दलबदल कराने के लिए एक विशाल राजनीतिक युद्ध कोष है। मोदी शासन के पिछले नौ वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेन्द्रण हुआ है। हाल के एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक फर्मों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30 प्रतिशत और 2019 में 70 प्रतिशत अर्जित किया। इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉरपोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में तेजी से उछाल आया था। पिछले चार वर्षों में इस प्रक्रिया को और बल मिला होगा। विपक्षी दलों को भारतीय क्रोनी पूंजीपतियों और मोदी शासन के बीच इस लेन-देन पर ध्यान देना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि इस दीर्घकालिक व्यवस्था के तहत बड़े कॉरपोरेट कैसे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को फंडिंग कर रहे हैं। चुनावी बांड योजना में नवीनतम संशोधन भाजपा की उस रणनीति का हिस्सा है जिसमें वह विपक्ष को चुनाव में बराबरी का मौका न देकर पंगु बना देने पर उतारू है। सर्वोच्च न्यायालय अपनी अगली सुनवाई में इस बात पर विचार करेगा कि क्या केंद्र सरकार की 2018 की चुनावी बॉन्ड पेश करने की योजना को दी गई चुनौती को अदालत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजा जाना चाहिए? एक खंडपीठ, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस.नरसिम्हा शामिल हैं, ने इसी उद्देश्य के लिए मामले को 13 अप्रैल को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार ने पिछली सुनवाई में अपना जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा था। पीठ इस मामले को अंतिम निस्तारण के लिए दो मई को सूचीबद्ध करने पर विचार कर रही थी। हालांकि, याचिकाकताओं में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से वकील शादन फरासत ने कहा कि इस मामले की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा की जानी चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और राजनीतिक दलों के फंडिंग पर पड़ रहा है। एक एनजीओ याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने जवाब देने में देरी करने की सरकार की आदत पर कड़ी आपत्ति जताई और कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अदालत से तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। यह अब सर्वोच्च न्यायालय के विद्वान न्यायाधीशों पर निर्भर है कि वे भारतीय लोकतंत्र की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें। यह संसदीय लोकतंत्र के जीवंत कामकाज के हित में होगा यदि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश बांड योजना पर याचिका के अंतिम निस्तारण तक अंतरिम रोक लगा दे।

# पवार का बयान बताता है कि राहुल की लड़ाई लम्बी है

**पिछले** करीब 9 वर्षों में देश जिस कुप्रबंधन, अराजकता एवं आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा है, स्वतंत्र चेतना के नागरिक केन्द्र की सत्ता में परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं। हाल के कतिपय राजनीतिक घटनाक्रमों के चलते विभाजित होकर भी और धीमी गति से ही सही विपक्षी पार्टियां एक-दूसरे के नजदीक आ रही हैं। एक विपक्षी एकता की धुरी की जो कमी पिछले कुछ समय से बनी हुई थी, वह भी अब कांग्रेस पूरी करती हुई दिख रही है। ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष एवं प्रगतिशील विचारधारा के लोग प्रतिरोध की किसी सामूहिक शक्ति के उदित होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वरिष्ठ नेता शरद पवार का वह बयान आश्चर्य के रूप में कम और किसी झटके की तरह अधिक कहा जा सकता है जिसमें उन्होंने एक तरह से विपक्ष द्वारा उद्योगपतियों की जमात पर हमला न करने की अप्रत्यक्ष सलाह दी है। साथ ही, विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी के कथित घोटालों की जांच कोर्ट से कराये जाने का परामर्श भी दे दिया है, न कि संयुक्त संसदीय समिति की ओर से जिसकी मांग समग्र विपक्ष (उनकी अपनी राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी सहित) और अधिसंख्य भारतीय जनता कर रही है। श्री पवार की इस मांग ने बतला दिया है कि इस मांग को उठा रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की लड़ाई कितनी बड़ी है। श्री अदानी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध अब किसी से छिपे नहीं हैं। देश ही नहीं, दुनिया भर में इसकी चर्चा आम है कि 2014 के पहले तक गौतम अदानी दुनिया के अमीरों की सूची में 609वें क्रमांक पर थे, वे पिछले दिनों दूसरे क्रमांक पर जा पहुंचे थे। इसका कारण था मोदी सरकार द्वारा उन्हें तमाम सरकारी उपक्रम, ठेके आदि सौंपते चले जाना। न केवल हवाई अड्डे, बंदरगाह, अधोरचना के उद्यम उन्हें दे दिये गये,भारत सरकार के लिए महत्वपूर्ण अनेक अंतरराष्ट्रीय व रणनीतिक महत्व के करार भी उनकी झोली में आ गये। पिछले वर्ष की 7 सितम्बर को कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पैदल यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने जनता के सामने मोदी-अदानी दोस्ती की पोल खोल दी और साथ ही यह भी बतला दिया कि ये देश के लिये कितना महंगा साबित हो रहा है। यात्रा खत्म होने के तत्काल बाद राहुल गांधी ने लोकसभा के बजट सत्र में यह मामला बड़ी मुखरता से उठाया था। इस बीच एक तरफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अदानी समूह के कारोबार पर गंभीर सवाल उठाए, इस बीच राहुल की सांसदी मानहानि मामले में सजा के बहाने छीन ली गई। राहुल की लड़ाई जारी रही और अनेक विपक्षी दल भी कांग्रेस के साथ जुड़ते चले गये- संसद के भीतर व बाहर भी। पूरे देश की मांग है कि अदानी घोटाले की पूरी जांच किसी संयुक्त संसदीय समिति के माध्यम से हो। अब श्री पवार का यह कहना कि 'प्रस्तावित समिति में भाजपा का ही प्रतिनिधित्व रहेगा, इसलिये यह मांग निरर्थक है', आसानी से गले से उतरने वाली बात नहीं है। यह हमेशा से होता आया है कि किसी भी जेपीसी में स्वाभाविकतः सत्तारुढ़ दल का ही बहुमत होता है लेकिन जेपीसी की आवाज व विचारों को अल्पमत के बावजूद जनता की आवाज कहा जा सकता है। यह प्रतिपक्ष की ताकत व प्रतिष्ठा का भी प्रश्न है जिसे कोर्ट को सौंपकर कमतर नहीं किया जा सकता। वैसे माना यह जा रहा है कि श्री पवार की ख्याति एक तरह से कारोबारी जगत के प्रतिनिधि के रूप में ही है, इसलिए उनकी ओर से यह बात कही जाती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। कहा यह भी जा रहा है कि उनके बयान का विपक्षी दलों की एकता पर असर नहीं होगा। यहां सवाल विपक्षी एकता पर उनके बयान के प्रभाव का नहीं है वरन यह देखना है कि श्री अदानी से सीधी टक्कर लेने की ताकत कौन रखता है और कौन मौन रहकर अथवा अप्रत्यक्ष तरीके से वर्तमान पूंजीवादी अर्थप्रणाली के समर्थन में खड़ा है जो देश को कंगाल कर रही है। देश इसे ध्यान से देख भी रहा है।

इसलिये शरद पवार का यह बयान अवांछनीय व दुर्भाग्यजनक ही नहीं, बल्कि समय के प्रतिकूल भी है। वे एक तरह से राहुल गांधी और सम्पूर्ण विपक्ष की लड़ाई को कमजोर ही कर रहे हैं। प्रतिपक्ष तभी सशक्त हो सकेगा जब सभी दलों के सुर एक हों।

# बोटी फेंको तमाशा देखो

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** बेरोजगार कुत्ते ने देखा वादों के कूड़ा-कर्कट में रोजगार की ढेर सारी बोटियाँ इधर-उधर बिखरी पड़ी हैं। यह आँखों का धोखा है या फिर ठगने की नई चाल, उसे समझ नही आया। कुछ देर इधर-उधर देखा तो जाना कि यहाँ तो एक से बढ़कर एक मनलुभावन वादों की लपलपाती बोटियाँ हैं। रोजगार की बोटी अकेला नहीं, इसके सहचर भी ललचाने बैठे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य के नूडल्स, बूढ़ों को पेंशन का पिडिग्री बिस्कुट, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की रबड़ी, स्मार्ट शहरों की बिरयानी सब ललचा रहे थे। लंबी-लंबी फेंकने की जलेबी का तो अलग आकर्षण है। चखने के लिए एक मुँह बस नहीं हो सकता। उन जलेबियों पर पैकेजों का मक्खन तो और चटकदार लगता है। जहाँ देखो वहाँ वादों के एक से बढ़कर एक पकवान दिखाई दे रहे हैं। थोड़े छोटे तो थोड़े बड़े लगते हैं। यहाँ गरीबी की मिर्ची, कंगाली का आटा, पिछड़ेपन की करेली कड़वाहट का नामोंनिशाँ नहीं है। इन वादों के पकवान वाली जादूगरी ऐसी कि कोई भी फंस सकता है, फिर भी सभी दौड़े-दौड़े चले आ रहे हैं। भूखे और तड़पते मरने से अच्छा है कि चंद मिनटों के पकवान वाली मौत ही सही।

जमाना वादों के पकवान खाना चाहता है। तरह-तरह स्वाद का लुत्फ उठाना चाहता है। यहाँ शिरखुर्मा को जिहादी कहकर मोदकों से भिड़वाया जा रहा है। मोदकों को रसगुल्लों से लड़वाया जा रहा है। चूंकि भिड़ना, लड़ना दोनों पकवान हैं, कुत्ते बेवकूफ बनते जा रहे हैं। कुत्ते भूल चुके हैं कि वे कुत्ते हैं। जमाने के साथ-साथ उसे फंसाने के तरकीबें बदली हैं, लेकिन वह नहीं बदला। इस बार कुत्ते मुफ्त वादों के पकवान वाले कूड़े-कर्कट की मौज ले रहा है। जब तक बोटियाँ हैं तब तक उसके दिन अच्छे हैं। यहाँ वादें बदलते हैं, कुत्ते नहीं। वादे खत्म के होने साथ कुत्ते कूड़े-कर्कट की बदबू में उलझकर रह जाएगा।

वह लाख कोशिश करेगा बाहर निकलने की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। तभी झूठे वादों के पकवान बनाने वाला आएगा और धीरे से से कुत्तों को धर दबोचेगा और उन्हें कुत्तों को पकड़ने वाली गाड़ी में अपने साथ ले जाएगा। कुत्ते पकड़ने का खेल सदियों से चला आ रहा है और इन बोटियों के नाम पर कुत्ते हमेशा से फंसते जा रहे हैं।

# भाजपाइयों के साथ मंत्री ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

## मुख्यालय के बस स्टैण्ड में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन में करोड़ों लोगों की सोच में बदलाव आया है। दो दिवसीय दौरे पर पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री/जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत बुधवार को रोडवेज बस स्टैंड में सांसद समेत भाजपाइयों के साथ झाड़ू लगाकर प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई।



बुधवार को प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भारत स्वच्छ होगा तो स्वस्थ्य होगा। स्वच्छता अभियान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करोड़ों देशवासियों की सोच में बदलाव लाये हैं। अब कोई भी व्यक्ति कूड़ा फेंकने को डस्टबिन ढूंढ़ता है। उसी में गंदगी डालता हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जब से पीएम मोदी ने देश की सत्ता संभाली है, राष्ट्र का गौरव बढ़ा है। योगी सरकार में स्वच्छता अभियान में तेजी आयी है। पूरे प्रदेश से डकैत, गुंडे और माफियाओं का सफाया हो रहा है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि अन्ना हजारे के आंदोलन को ढाल बनाकर दिल्ली की सत्ता केजरीवाल सरकार के घोटाले में आप का चेहरा बेनकाब हो गया है।
जिले में प्रवास के दूसरे दिन प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यव ने सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, पूर्व चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता आदि भाजपाइयों के साथ पालिका के ईओ लालजी यादव आदि ने रोडवेज बस स्टैंड में समरसता कार्यक्रम के तहत झाड़ू लगाकर सुलभ काम्पलेस की सफाई कर आमजनता को स्वच्छता का सन्देश दिया।

# पीएस आवास के लाभार्थियों से लाखों की ठगी

## सरिया दिलाने के नाम पर ठग हुए चम्पत

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पीएम आवास के लाभार्थियों को आवास बनाने को आधे रेट में सरिया दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ग्रामीण न्याय को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। मामला मऊ थाना क्षेत्र के कोलुहा गांव का है। बताया गया कि कोलुहा गांव के हीरालाल से बालापुर गांव के झल्लू व राम जी आधे रेट पर सरिया दिलाने के नाम पर लाखों रुपए ले लिए। शिवबाबू के पास जमा करा दिया। फिर तीनों फरार हो गए। पीड़ित लगातार फोन लगा रहे हैं, उनका नंबर बंद बता रहा है। पीडितों ने थाने में शिकायत की। पुलिस रोज थाने बुलाकर खानापूरी कर घर भेज देती है। अगले दिन सुनवाई को फिर थाने बुलाकर बैठा लेती है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



इससे परेशान होकर मंगलवार को पीड़ित हीरालाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय आए। दोनों ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित हीरालाल ने बताया कि उसका पीएम आवास आया था। निर्माण को सरिया की जरूरत थी। आवास निर्माण कराने वाले ठेकेदार ने आधे रेट में सरिया दिलाने की बात कहकर रुपये ले लिए। शिवबाबू नाम के व्यक्ति को देकर तीनों फरार हो गए। इस मामले में मऊ थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की है। दो लोगों पर ठगी का आरोप लगाया है। मामले की जांच जारी है।

## बिटिया पढ़ना चाहती है लेकिन आशियाना बन रहा रोड़ा

**बलिया - हनुमानगंज** ब्लॉक की सरकारी सिस्टम की उदासीनता और अनेदखी प्रधानमंत्री आवास योजना को कैसे धत्ता लगा रहे है। आप इस गरीब परिवार को उनका हक जरूर दे। दरअसल ब्रम्हाईन गांव का है जहां एक परिवार सरकार की सबसे बड़ी योजना के आगे दम तोड़ रहा है। पहले इस तस्वीर को देखिए न तो इनके पास रहने को छत है न सोने को बिस्तर है। एक मजदूर सिस्टम के आगे इतना मजबूर है कि अपने परिवार को रहने के लिए छत नही दे सका। बिटिया पढ़ना चाहती है लेकिन आशियाना रोड़ा बन रहा है। पीड़ित परिवार की माने तो कई बार गांव के प्रधान से लेकर डीएम तक से गुहार लगाई लेकिन ये कह कर भगा दिया जाता कि आप कान आवास सूची में नही है। आरोप है कि सूची में नाम डालने के लिए प्रधान द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है।

## गोपनीय ढंग से वीडियो बनाने पर शिक्षक निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव को समस्या सुनाने गए शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने गोपनीय ढंग से वीडियो बनाने का प्रयास किया। बीएसए ने कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के तहत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 धारा 72 के तहत मामला अपराध की श्रेणी में आने के चलते शिक्षक को निलम्बित कर एबीएसए को जांच सौंपी है।
मंगलवार की शाम शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल बीएसए लवप्रकाश यादव के पास कार्यालय में समस्या सुनाने गये थे। इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी प्रथम के सहायक अध्यापक अवशेष कुमार के बातचीत का वीडियो बनाने पर बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर दिया। बीएसए आफिस में वार्ता दौरान गोपनीय ढंग से वीडियो बनाने वाले शिक्षक का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया।
बीएसए लव प्रकाश यादव ने बताया कि ये मामला कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के तहत आता है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 धारा-72 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में है। सहायक अध्यापक को निलम्बित कर खण्ड शिक्षाधिकारी को मामले की जांच सौंपी है।

## गैगेस्टर आरोपी को हुई पांच साल की सजा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी कोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार ने न्यायालय में लम्बित मामले में गैंगेस्टर के आरोपी लवकुश यादव पुत्र मंगल यादव निवासी तेरा थाना कमासिन को पांच साल का करावास व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।
बुधवार को न्यायालय में लम्बित मामले की पैरवी पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार बाबूलाल ने की। गहन पैरवी एवं संयुक्त निदेशक अभियोजन ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने प्रभावी बहस की। नतीजतन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी संजय कुमार ने कोतवाली कर्वी में दर्ज मुअसं 108/2015 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी लवकुश यादव पुत्र मंगल यादव निवासी तेरा थाना कमासिन जिला बांदा को पांच साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

## हज यात्रियों का प्रशिक्षण स्थल चिन्हित

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशवंत मौर्या ने बताया कि सचिव/कार्यपालक अधिकारी राज्य हज समिति लखनऊ ने हज सत्र 2023 की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को हज प्रशिक्षण स्थल चिन्हित करने की सूचना मांगी है।
बुधवार को उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर हज व्यक्तियों के प्रशिक्षण को उपयुक्त कक्ष हाल वाहन पार्किंग प्रसाधन एवं पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध हो। चिन्हित कर अथवा पूर्व वर्षों में जिन स्थलों में प्रशिक्षण होता रहा है। उसकी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में जिले से कुल 15 व्यक्तियों ने हज यात्रा को आवेदन किया है। हज यात्रियों के प्रशिक्षण को किंग्सन स्कूल के सामने द्वारिकापुरी कर्वी चित्रकूट भू-स्वामी हाजी वसीम अहमद मोबाइल नंबर 8924817172 है। पूर्व वर्षों में यहां हज प्रशिक्षण कराया गया था, जिसे चिन्हित किया गया है।

## प्रत्याशियों के खर्च को गठित होगी कमेटी: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगर निकाय अभिषेक आनन्द ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में उम्मीदवारों के व्यय की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है।
बुधवार को उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्याशियों के विभिन्न मदों में जो धनराशि खर्च की जाएगी, उन मदों में की जाने वाली दरों का निर्धारण जिला स्तरीय कमेटी करेगी। चुनाव प्रचार से संबंधित दरों के संबंध में सभी प्रत्याशियों को अवगत कराया जाएगा। इस बाबत निर्वाचन खर्च के अनुश्रवण को जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।
निर्वाचन कमेटी गठित की गई है। कमेटी में जिला मजिस्ट्रेट अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी को सदस्य नामित किया है।

## मारपीट कर एक को किया घायल, तीन पर मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद। क्षेत्र के** बेनीपुर (महेशपट्टी) निवासी गोविंदा दुबे ने मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर गांव के तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया।पीड़ित गोविंदा दुबे ने बताया की सोमवार की शाम गांव के ही सर्वेश मौर्या, देवेश मौर्या व नंदलाल मौर्या ने बिना किसी बात के मां- बहन की भद्दी-भद्दी गाली दे रहे थे जब पूछने गया तो सभी लोगो ने मिलकर लात घुसे से मारते हुए दांत से काट लिये में किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने लगा तभी सभी लोग जान से मारने की धमकी देने लगे।भुक्तभोगी के तहरीर पर मंगलवार की दोपहर तीनों के खिलाफ धारा 323, 324, 504 व 506 का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने घायल को मेडिकल मुआयना हेतु भेजा।

## दो छात्रों पर हमलावरों ने लाठी-डंडे से हमला, एक की मौत

**बलिया। शहर को**तवाली क्षेत्र अंतर्गत सतीश चंद्र कालेज के बाहर दो छात्रों पर हमलावरों ने लाठी-डंडे से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। दोनों छात्रों को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन उन्हें मऊ ले गये, जहां एक छात्र की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मां दुर्गावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में से दूसरे नम्बर पर था। बड़ा भाई सचिन यादव व बलवंत यादव बलिया ही रहकर पढ़ाई करते हैं।

# बीडीओ-जेई कर रहे गांवों में लूट, धूमिल हो रही सरकार की छवि

## जमकर जारी है कमीशनखोरी का खेल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मऊ ब्लाक की क्षेत्र पंचायत प्रमुख सुशीला देवी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मऊ ब्लाक में तैनात बीडीओ श्रवण कुमार गुप्ता को हटाया जाये। पत्र में प्रमुख ने बीडीओ पर शासन के निदेशों को दर किनार कर कार्य करने एवं अपनी कार्यशैली से सरकार की छवि धूमिल करने के आरोप लगाए थे।
बुधवार को मऊ ब्लाक के गांवों में विकास कार्य करने वाली फर्मों/सप्लायरों ने बीडीओ पर विकास कार्यों में दस फीसदी कमीशन मांगने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शपथ पत्र दिया था। शपथ पत्र देने वाली फर्म/सप्लायर (बाला जी ट्रेडर्स) अशोक कुमार कर्वी, (जय मां कांट्रेक्शन) लवलेश कुमार झगरहट नीबी मऊ, (मे. पुनीवा कांट्रेक्टर) पुनीवा नीबी मऊ व (मे. कैलाश चंद कांट्रैक्शन) कैलाश चंद चित्रवार मऊ थे, आज तक बीडीओ को न हटाया गया और न ही कोई कार्यवाही हुई। इससे बीडीओ मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता भागवत प्रसाद मिश्रा, ग्रामीण अभियंत्रण कार्यालय में सम्बद्ध होने के बाद भी मऊ ब्लाक में कार्यरत हैं। मऊ ब्लाक में गांवों में विकास कार्यों के नाम पर कमीशनखोरी करना व कमीशन मांगना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी विकास खण्ड मऊ में तैनात ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता भागवत प्रसाद मिश्रा पर प्रधान संघ ने कमीशनखोरी के आरोप लगाए थे। अवर अभियंता को हटाने की मांग की थी। अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने अवर अभियंता को कार्यालय में सम्बद्ध के निर्देश दिये थे। बीडीओ ने अवर अभियंता को कार्यमुक्त नहीं किया। इससे अवर अभियंता आज भी मऊ ब्लाक में रहते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। सूत्रों ने बताया कि बीडीओ व जेई की मिलीभगत से ही गांवों में विकास कार्यों में जमकर कमीशनखोरी हो रही है। प्रधानों व सचिवों व ठेकेदारों/सप्लायरों से विकास कार्यों के नाम पर कमीशनखोरी की जा रही है। जो भी प्रधान, सचिव, ठेकेदार/सप्लायर कमीशनखोरी का विरोध करते हैं, उसकी फाइलें दरकिनार कर भुगतान रोक दिया जाता है।
लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बीडीओ व जेई की मिलीभगत की जांचकर तत्काल कार्यवाही की जाये, ताकि सरकार की छवि धूमिल न हो।

# पेयजल समस्या निदान को दर्ज करायें शिकायत: डीपीआरओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के तत्काल निदान को जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में स्थापित नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित है।
बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र ने बताया कि कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी नामित किए गए हैं। जो प्राप्त शिकायतों का निस्तारण विकासखंड वार जल्द निपटायेंगें। जिला नियंत्रण कक्ष का लैंडलाइन नंबर 05198-298090 है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में नामित नोडल अधिकारी डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र का मोनं 9453949365 एवं प्रातः 8 से सांय 6 बजे तक शेखर कटियार एवं राजेश कुमार सफाई कर्मी जिनका मोनं 7408071343, 9125470565 शाम 6 से रात्रि 2 बजे तक राजकिशोर एवं नत्थू प्रसाद सफाई कर्मी जिनका मोनं 6393557872, 9956929408, रात्रि 2 बजे से प्रातः 10 बजे तक लवलेश कुमार सफाई कर्मी जिनका मोनं 9935833404, 9696052357 प्राप्त सूचनाएं प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप में राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन लखनऊ के ईमेल आईडी में भेजेंगे।
राजेश कुमार यादव सफाई कर्मी जिनका मोनं 7068869533 है। उपरोक्त नामित कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि उक्त कंट्रोल रूम में समय से हाजिर रहकर शिकायतों को संबंधित विभाग में भेजकर निस्तारित करायें। प्रतिदिन प्राप्त शिकायतें एवं निस्तारण को रजिस्टर में दर्ज करें। पेयजल से संबंधित शिकायतें प्रतिदिन राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन लखनऊ के ई-मेल आईडीमें भेजें।
उन्होंने बताया कि पेयजल से संबंधित समस्यायें प्रत्येक कार्य दिवस में सवेरे नौ से अपरान्ह दो बजे तक दर्ज कराकर निस्तारित करा सकते हैं। जिनके मोबाइल नंबर 6387579725 एवं 8081057726 है। राममिलन एवं अरुण कुमार सफाई कर्मी विकासखंड कर्वी के आपदा कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में अग्रिम आदेशों तक सम्बद्ध किये जाते हैं।

# दम्पति में सुलह करा परिवार को टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को किये जा रहे प्रयास के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में दम्पति के विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।
बुधवार को रैपुरा थाने के इटवां गांव की सुमन देवी पत्नी शिवदयाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पति, ससुर उसके साथ विवाद कर



मारपीट व गाली- गलौज करते हैं। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह के पास भेजा। टीम ने शिकायतकर्ता की बातों को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को समझाकर कहा कि भविष्य में आपस में विवाद न करें। परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी।
आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। समझौता कराने वाली टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही दीक्षा यादव, महिला सिपाही शिवांगी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**बलिया। जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्डो में जाकर उपस्थिति पुस्तिका का निरीक्षण किया और इस संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने इमरजेंसी कक्ष में जाकर वहां का हाल देखा और ड्यूटी रजिस्टर का निरीक्षण किया। नर्स ड्यूटी रूम में सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। इमरजेंसी वार्ड में जाकर उन्होंने मरीजों से बातचीत की और उनसे यह जानकारी हासिल की कि उन्हें समय से भोजन और दवा मिलती है कि नहीं। कुछ मरीजों ने बताया कि उन्हें नाश्ते के रूप में केवल केला और बिस्कुट दिया गया है जबकि दूध की भी व्यवस्था है। इस पर उन्होंने सीएमएस दिवाकर सिंह को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि संबंधित फार्म पर तुरंत कार्रवाई की जाए। तीमारदारों के अनुरोध पर उन्होंने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुराग सिंह से बातचीत की और उन्हें कड़े निर्देश



दिए कि मरीजों का फोन आने पर उनकी समस्या सुने और अपने कक्ष में उपस्थित होकर मरीजों का इलाज करें। पहाड़पुर चिलकहर से आए तीमारदार सोहनलाल और ग्राम स्वरूपपुर से आए मरीज गोपाल दुबे ने बताया कि डॉक्टर बाहर की दवा लिखते हैं जिससे उन लोगों को काफी परेशानी होती है। इस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी डॉक्टरों को अवगत करा दिया जाए कि कोई भी दवा बाहर से न लिखी जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिको लीगल रूम में डॉ० मनोज कुमार द्वारा ओपीडी रजिस्टर मेंटेन न किए जाने पर उन्हें फटकार लगाई। ट्रामा सेंटर में महिला शौचालय में ताला लगे होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिला अस्पताल के उपरांत जिला अधिकारी ने एनआरसी का निरीक्षण किया और वहां पर भर्ती किए गए बच्चों का हाल जाना। वहां पर उपस्थित होमगार्डों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पार्किंग की व्यवस्था देखें। साथ में आए मरीजों को लाइन में लगा कर डॉक्टरों को दिखाएं ताकि अफरा-तफरी की स्थिति न पैदा हो।

# न्यूज झरोखा

## आरटीआई एक्टिविस्ट व अधिवक्ता रवीन्द्र प्रताप सिंह पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर। कोतवाली नगर** सिविल लाइन मोहल्ला निवासी अधिवक्ता रवीन्द्र प्रताप सिंह कोतवाली क्षेत्र के बाबा पुरम ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में मित्र के घर गए थे। वहां से बाइक से सोमवार की रात घर लौटते समय रास्ते में क्रॉसिंग के पास घात लगाए बदमाशों ने रोक लिया। जैसे ही उन्होंने बाइक को स्टैंड पर लगाया जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक नकाबपोश बदमाशों ने उन पर लाठी और डंडे से हमला बोल दिया।
रविंद्र सिंह बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। वही मारपीट की आवाज सुनकर मोहल्ले वाले दौड़े तो बदमाश भाग निकले, स्थानीय लोगों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डाक्टरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। गौरतलब हो कि शहर के कई सरकारी व धार्मिक स्थलों पर हुए अतिक्रमण को लेकर अधिवक्ता रवींद्र सिंह पीआईएल व जन सूचना मांग चुके हैं। जिसे इस हमले को भू माफियाओं द्वारा साजिश की आशंका जताई जा रही है। अधिवक्ता रवीन्द्र प्रताप सिंह पर हुए जानलेवा हमले से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मंगलवार को दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया।
बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद शुक्ल, मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल ,अंकुश यादव ,राघवेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव योगेन्द्र सिंह समेत अन्य अधिवक्ताओं ने जिला अस्पताल जाकर घायल अधिवक्ता का हाल चाल लिया तथा वहां से बार अध्यक्ष के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की । पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने शहर कोतवाल रामाशीष उपाध्याय से बात कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। बार अध्यक्ष श्री शुक्ल ने बताया सम्बन्धित धाराओ मे मुकदमा दर्ज हो गया है ।वही वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने पुलिस द्वारा समुचित धाराओ मे केस न दर्ज करने पर नगर पुलिस की कार्रवाई पर आपत्ति जताई और कहा एफआईआर मे धारा 307 न दर्ज किया जाना पुलिस की मंशा पर सवालिया निशान लगा रही है ।

## कानपुर निकाय चुनाव : बैनर - पोस्टर नहीं, जैसे नेता जी का कलेजा नोचा जा रहा हो !

**कानपुर। यहां नगर** निकाय चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिला प्रशासन ने पूर्व में की तैयारियों की समीक्षा शुरू कर दी है। इसके लिए कल सोमवार को 37 पीठासीन अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रशिक्षण दिया गया था।
इसके बाद अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के साथ ही अति संवेदनशील प्लस श्रेणी के मतदान केंद्र की भी सूची तैयार की गई है। इन मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग (वेब कैम से रिकार्डिंग) के जरिये नजर रखी जाएगी।
साथ ही चुनाव प्रचार से संबंधित पोस्टर और बैनरों को हटाने की शुरूआत कर दी गई है। नगर निगम द्वारा इन पोस्टरों को हटाए जाने के दौरान टिकट के दावेदार नेता पदाधिकारी भी मौजूद रहते हैं और वह इस दौरान इतना परेशान दिखते हैं जैसे कि पोस्टर नहीं बल्कि उनका कलेजा नोचा जा रहा है। शायद ऐसा इसलिए क्योंकि अपने प्रचार के लिए इन पोस्टरों को लगवाने के लिए दावेदारों को हजारों रुपए खर्च भी करने पड़े हैं।
कुल मिलाकर नगर निगम, पालिका परिषद और पंचायत क्षेत्रों में बनाए गए कुल 562 मतदान केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां 110 वार्ड नगर निगम ,25 वार्ड नगर पालिका परिषद घाटमपुर , 25 वार्ड नगर पालिका परिषद बिल्हौर ,11 वार्ड नगर पंचायत शिवराजपुर ,10 वार्ड नगर पंचायत बिठूर में हैं। यहां 562 मतदान केंद्र 1834 बूथ हैं ,जहां 22,87,490 कुल मतदाता मतदान करेंगे। इसके लिए मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाने का काम शुरू हो चुका है।
चुनाव के लिए नामांकन नगर निगम में होगा जबकि मतगणना स्थल नौबस्ता गल्ला मंडी को बनाया गया है। यहीं पर बिठूर पंचायत क्षेत्र के लिए मतगणना होगी । बिल्हौर और शिवराजपुर के लिए मतगणना स्थल बिल्हौर के बाबा रघुनंदन दास इंटर कालेज को बनाया गया है। घाटमपुर में भी एक स्कूल का चयन हुआ है।

## पति सहित 5 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू

**नगीना। विवाहिता** को ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करना तथा उसके साथ आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति सहित 5 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
नगर के मोहल्ला चौधराना निवासी फरमाना पत्नी फरमान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 8 जून 2021 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार कोतवाली देहात निवासी फरमान पुत्र फजलुर्रहमान से हुआ था। और मेरे माता पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। ससुराल पक्ष के लोग शादी के कुछ दिन के बाद से ही दहेज की मांग करने लगे थे तथा मेरा पति फरमान अपने परिवार वालों के साथ मिलकर मुझे आए दिन मारता पीटता व गाली गलौज करता है। साथ ही दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करता है। मेरी सास रोशन पत्नी फजलुर्रहमान, देवर शादाब देवरानी बेबी व नंद सभी मिलकर मुझे दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर सुसराल पक्ष के पति फरमान सहित 5 लोगों के खिलाफ धारा 498 ए ,323 ,504 व 3/4 में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चीन ने नेपाल से सटी तातोपानी सीमा पांच दिन के लिए बंद की

**काठमांडू।** चीन ने नेपाल से सटी तातोपानी बॉर्डर क्रॉसिंग को पांच दिनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया है । उसने जानकारी दी है कि जब तक तातोपानी बॉर्डर क्रॉसिंग पूरी तरह से नहीं खुल जाती है, तब तक बॉर्डर एक हफ्ते के लिए बंद रहेगा। नेपाल में चीनी दूतावास के अनुसार तातोपानी क्रॉसिंग के पूर्ण संचालन के लिए 11 से 15 अप्रैल तक सीमा बंद रहेगी। यह भी बताया जा रहा है कि कार्गो एक्सचेंज की तैयारी के लिए जंगमू और तातोपानी ड्राई पोर्ट्स को अस्थाई रूप से बंद किया जाएगा। वर्ष 2015 में आए भूकंप के बाद से तातोपानी बॉर्डर बंद है। हालांकि चीन समय-समय पर एकतरफा माल भेजता है लेकिन नेपाल का माल उस पार नहीं जा सकता है। तातोपानी सीमा से चीन में नेपाली वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। चीन ने कोविड के खतरे का हवाला देकर नेपाल से सटी सीमा को बंद कर दिया था। रसुवागढ़ी क्रासिंग को इसी माह से दो दिशाओं में खोल दिया गया है। दोतरफा ऑपरेशन में चीन की सिर्फ एक सीमा है। अन्य सीमाए बंद हैं। हालांकि वह अपना माल नेपाल में भेज रहा है। नेपाल वर्ष 2015 से पहले चीन को चाय, कॉफी, जड़ी-बूटी, प्रसंस्कृत मांस का निर्यात थल मार्ग से करता था। सीमा बंद होने के बाद इन सभी चीजों का निर्यात बंद हो गया है। इस वजह से नेपाल का चीन के साथ भारी व्यापार घाटा है। नेपाल पहले ही इन सामानों के निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से प्रस्ताव दे चुका है।

## बर्ड फ्लू से चीन में पहली मौत दर्ज, डब्ल्यूएचओ ने कहा- यह स्ट्रेन लोगों के बीच नहीं फैल रहा

**बीजिंग।** एच3एन8 बर्ड फ्लू से दुनिया में पहली मौत दर्ज की गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि एक चीनी महिला एक प्रकार के बर्ड फ्लू से मरने वाली पहली व्यक्ति बन गई है, जो मनुष्यों में दुर्लभ है। लेकिन यह स्ट्रेन लोगों के बीच फैलता नहीं दिख रहा है। डब्लूएचओ ने देर रात एक बयान में कहा कि ग्वांगडोंग के दक्षिणी प्रांत की 56 वर्षीय महिला एवियन इन्फ्लूएंजा के सब-टाइप एच3एन8 से संक्रमित होने वाली तीसरी व्यक्ति थी।

**चीन में बर्ड फ्लू आम बात**

ग्वांगडोंग प्रांतीय रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने पिछले महीने के अंत में तीसरे संक्रमण की सूचना दी, लेकिन महिला की मौत का विवरण नहीं दिया। डब्लूएचओ ने कहा कि मरीज कई अंतर्निहित स्थितियों से जूझ रही थी और उसका जीवित कुक्कुट के संपर्क में आने का इतिहास था। लोगों में छिटपुट संक्रमण के साथ चीन में बर्ड फ्लू आम है क्योंकि यहां एवियन फ्लू के वायरस बड़ी संख्या में पॉल्ट्री और जंगली पक्षियों की आबादी में लगातार फैलते रहते हैं।

**मृत महिला ने वेट मार्केट का किया था दौरा**

डब्लूएचओ ने कहा कि बीमार होने से पहले महिला ने वेट मार्केट (चीन और दक्षिण पूर्व एशिया में ताजा मांस, मछली और अन्य उत्पाद बेचने वाला बाजार) का दौरा किया था और वेट बाजार से एकत्र किए गए नमूनों में इन्फ्लूएंजा ए (एच 3) के सकारात्मक रिपोर्ट मिले थे। डब्लूएचओ ने सुझाव देते हुए कहा कि यह संक्रमण का स्रोत हो सकता है। हालांकि, एच3एन8 मानव में दुर्लभ है, यह पक्षियों में आम है, लेकिन यह बीमारी का बहुत कम या लगभग नहीं के बराबर संकेत देता है। इसने अन्य स्तनधारियों को भी संक्रमित किया है। डब्लूएचओ ने कहा कि संक्रमित महिला के निकट संपर्क में कोई अन्य मामले नहीं पाए गए हैं।

## ट्रंप का फ्रांस के राष्ट्रपति पर विवादित बयान, कहा- मेरे मित्र मैक्रों चीन की चाटुकारिता में लगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरे मित्र आजकल चीन गए हुए हैं। वह वहां शी जिनपिंग की चाटुकारिता में लगे हैं। बता दें, न्यूयॉर्क में अभियोग लगाए जाने के बाद ट्रंप ने पहली बार मीडिया से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि मेरे पद छोड़ने के बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका का दुनिया में प्रभाव खोता जा रहा है। एक तरह से अमेरिका का प्रभाव दुनिया से खत्म ही हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास यह पागल दुनिया है। यह उबल रही है। अमेरिका कुछ नहीं कह रहा है। मेरे मित्र मैक्रों चीन गए हुए है और उसकी चाटुकारिता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस अब चीन के साथ संबंध बना रहा है। गौरतलब है, मैक्रों ने पिछले सप्ताह चीन की राजकीय यात्रा के बाद बवाल खड़ा कर दिया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यूरोपीय लोगों को खुद को अमेरिकी विदेश नीति की जंजीरों में नहीं बांधना चाहिए। मैक्रों ने कहा था कि ताइवान के भाग्य को लेकर यूरोपीय देशों को बीजिंग और वाशिंगटन के बीच तनावपूर्ण गतिरोध में नहीं फंसना चाहिए। चीन ने ताइवान पर नियंत्रण हासिल करने की कसम खाई है, जबकि अमेरिकी सरकार ने ताइवान को अपनी रक्षा करने में मदद करने का वादा किया है।

# चीन से 90 टन विस्फोटक लाया नेपाल

**काठमांडू।** चीन से 90 टन विस्फोटक नेपाल लाया गया है। नेपाल में चीनी निवेश उद्योगों और परियोजनाओं के लिए पहली बार चीन से विस्फोटकों का आयात किया गया है।

नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी ने पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विस्फोटक चीन से आयात किए गए है। विस्फोटक सरकार की अनुमति से 10 अप्रैल को लाए गए हैं। विस्फोटकों की कमी से उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट प्रभावित होने के कारण से व्यवसायियों ने सरकार से विस्फोटक लाने के लिए अनुरोध किया था। इस अनुरोध के बाद विस्फोटक लाने की अनुमति दी गई। विस्फोटकों की कमी, उद्योग और विकास परियोजनाओं में असुविधा के कारण सेना की राय के बाद इसे चीन से लाया गया है। सैन्य प्रवक्ता भंडारी ने बताया कि सरकार की अनुमति से विस्फोटकों का आयात किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय से रक्षा मंत्रालय के जरिए नेपाली सेना के मुख्यालय तक राय मांगी गई है।




अभी जो 90 टन विस्फोटक लाया गया है, वह चीन के निवेश किए गए होंग्शी शिवम सीमेंट और संजेन नदी जलविद्युत परियोजना के लिए है। सांगेन हाइड्रो का निर्माण चाइना हार्बर इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड प्रवर्तित सालासुंगी पावर लिमिटेड के लिए किया जा रहा है। इंडिपेंडेंट एनर्जी प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ नेपाल (इप्पान) ने खुलासा किया है कि वह चीन से 500 टन विस्फोटक लाने जा रहा है। पहले नेपाल विकास परियोजनाओं के लिए जरूरी विस्फोटक भारत से खरीदता था। भारत ने चीनी परियोजनाओं के लिए आवश्यक विस्फोटक उपलब्ध कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। नेपाल में बड़ी परियोजनाओं में चीनी कंपनियों की भागीदारी बढ़ी है। हालांकि उन कंपनियों के काम में देरी के चलते गुणवत्ता पर सवाल खड़े होते रहे हैं।

## नेपाल में कार हादसा, चार भारतीयों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुली जिले में मंगलवार आधी रात हुए कार हादसे में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी सिंधुली के सहायक मुख्य जिला अधिकारी चिरंजीवी गिरि ने दी।

उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त भारतीय कार का नंबर बीआरडीडी 0687 है। काठमांडू आ रही यह कार वीपी हाइवे पर कमलामाइ नगरपालिका के सोल भंजयांग में इलाके में दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर 500 मीटर नीचे गिर गई। हादसे में घायल तीन लोगों की मौके और एक की सिंधुली अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।गिरी के मुताबिक मृतकों में बिहार के समस्तीपुर के अभिषेक ठाकुर, मुकेश कुमार चौधरी, मुतैज कुमार फुलहरा और राजेश कुमार सिंह शामिल हैं। घायल धर्मेंद्र शाह को काठमांडू रेफर किया गया है।



## अमेरिका की कैलिफोर्निया विधानसभा में प्रस्ताव पारित, 1984 के सिख दंगों को मिले नरसंहार की मान्यता

**सैकरामेंटो।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर भारत में 1984 में हुए सिख दंगों को नरसंहार की मान्यता देने की मांग की है। अमेरिकी कांग्रेस को औपचारिक रूप से भेजे गए इस प्रस्ताव में 1984 दंगों की निंदा करने का आग्रह भी किया गया है।

कैलिफोर्निया राज्य विधानसभा की पहली पहली निर्वाचित सिख सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य कार्लोस विलापुदुआ द्वारा सह-प्रायोजित था। विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित इस प्रस्ताव के पक्ष में विधानसभा के एक अन्य हिन्दू सदस्य ऐश कालरा ने भी मतदान किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सिख समुदाय दंगों के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक आघात से उबर नहीं पाया है। प्रस्ताव में अमेरिकी कांग्रेस से औपचारिक रूप से नवंबर 1984 की सिख विरोधी हिंसा को एक नरसंहार के रूप में मान्यता देने और निंदा करने का आग्रह करता है। अमेरिकी सिख कॉकस कमेटी और अन्य अमेरिकी सिख निकायों के समन्वयक प्रितपाल सिंह ने एक बयान में प्रस्ताव पेश करने और इसे पारित करने के लिए कैलिफोर्निया राज्य विधानसभा के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## वैश्विक आर्थिक विकास लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत करेगा जी-20 की अध्यक्षता का उपयोग : जयशंकर

**कंपाला।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत जी-20 समूह की अध्यक्षता का उपयोग वैश्विक आर्थिक विकास के लक्ष्य को पाने के लिए करेगा। युगांडा यात्रा के दौरान भारतीय मामलों पर संसदीय मंच के सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सभी वैश्विक चिंताओं को जी-20 के मंच पर रखने का प्रयास करेगा।

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता सभी से अलग है क्योंकि किसी ने आज तक 'ग्लोबल साउथ' के सभी देशों से परामर्श करने का प्रयास नहीं किया। 'ग्लोबल साउथ' में एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देश आते हैं। ग्लोबल साउथ के देशों को नव औद्योगीकृत या औद्योगीकरण की प्रक्रिया में शामिल देशों के रूप में वर्णित किया जाता है तथा उनमें से ज्यादातर देश उपनिवेश रह चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत जी-20 की अपनी अध्यक्षता का उपयोग इस मंच को वैश्विक आर्थिक विकास के इसके लक्ष्य और युगांडा के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित रखने के लिए करना चाहेगा। उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि जी-20 हरित विकास, ऋण, सतत विकास लक्ष्य, डिजिटल सेवाओं के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें। जयशंकर ने अपनी युगांडा यात्रा के दौरान वहां भारतीय मूल के उद्यमियों से भी मुलाकात की।



## बांग्लादेश-भारत सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करें तो होगा फायदा : मंत्री मो.ताजुल इस्लाम

**हम भारत के खून के कर्जदार हैं : मंत्री मो.ताजुल इस्लाम**

**ढाका,।** आर्थिक विकास के लिए संचार व्यवस्था पहली शर्त है। देश की संचार व्यवस्था जितनी अच्छी होगी, देश की आर्थिक स्थिति उतनी ही अच्छी होगी। यह टिप्पणी बांग्लादेश के ग्रामीण विकास और सहकारिता मंत्रालय के मंत्री ने खास बातचीत में कही हैं। उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेश और भारत सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करते हैं, तो दोनों देशों को फायदा होगा।

**कई क्षेत्रों में भारत के योगदान की सराहना की**

बहुभाषी समाचार एजेंसी के बांग्लादेश प्रतिनिधि किशोर सरकार को दिए एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला है। ताजुल इस्लाम ने कहा कि बांग्लादेश और भारत को लाभ होगा, यदि हम केवल मंत्रालय ही नहीं बल्कि देश के लाभ के लिए सभी क्षेत्रों में एक साथ काम करें। उन्होंने बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारत के योगदान, चटगांव और राजशाही नगर निगम क्षेत्रों के विद्युतीकरण के लिए भारतीय लाइन ऑफ क्रेडिट द्वारा वित्त पोषण की भी सराहना की।

**यूरोपीय संघ की तरह सिर्फ भारत ही कर सकता है कार्य**

उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ की तरह सिर्फ भारत ही वैसा कार्य कर सकता है। हमें यह याद रखना होगा कि रिश्तेदारों, दोस्तों को बदलना या उनसे दूर जाना संभव है। लेकिन पड़ोस को बदलना संभव नहीं होगा। जैसा कि मैं यूरोप के बारे में कहता हूं, यूरोपीय देशों ने बातचीत की सहमति के आधार पर यूरोपीय संघ की स्थापना की। इसके माध्यम से व्यापार, संचार व्यवस्था, ज्ञान के आदान-प्रदान, शिक्षा के आदान-प्रदान सहित सभी क्षेत्रों में व्यापार को मिलकर काम करने का अवसर मिला है। नतीजतन, यूरोपीय संघ की स्थापना के बाद यूरोपीय देशों की आर्थिक व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने अपने बातों को दोहराते हुए पुनः कहाकि हम न केवल स्थानीय सरकार के मंत्रालयों में बल्कि सभी क्षेत्रों में भारत के साथ काम कर सकते हैं। इससे बांग्लादेश और भारत दोनों को फायदा होगा।



**रहमान की विदेश नीति के सिद्धांतों पर कर रहे हैं कार्य**

मंत्री ने कहा कि इस देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में एक स्वतंत्र संप्रभु राज्य की स्थापना की गई है। भारत के साथ एक जिम्मेदार पड़ोसी के रूप में संबंध बनाए रखने के लिए हम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की विदेश नीति पर आधारित संबंधों को संरक्षित करने के सिद्धांत के अनुसार काम कर रहे हैं।

> **हमने अपने खून से जो आजादी हासिल की है, उसके लिए हम भारत के खून के कर्जदार हैं। इसे बंगाली राष्ट्र (बांग्लादेश) हमेशा याद रखेगा।**

**भारत ने 1971 में एक करोड़ बंगालियों को दिया था आश्रय**

देश के निर्माण में भारतीय सेना के योगदान को याद करते हुए कहा कि बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के आह्वान के जवाब में, पूरे बंगाली समुदाय ने स्वतंत्रता संग्राम शुरू किया। फिर पाकिस्तानियों ने हमारे निहत्थे बंगालियों पर अत्याधुनिक हथियारों से हमला बोल दिया और आम लोगों को मारना शुरू कर दिया, माताओं-बहनों की इज्जत लूट ली, तब एक करोड़ बंगालियों को सुरक्षा के लिए भारत में शरण लेने के लिए विवश होना पड़ा। भारत ने 1971 में एक करोड़ बंगालियों को आश्रय देकर दुनिया में एक अनूठी मिसाल कायम की।

कहाकि भारत ने न केवल स्वतंत्रता सेनानियों को आश्रय दिया, बल्कि प्रशिक्षित भी किया। यहां तक कि इसने पाक आक्रमणकारियों के खिलाफ सहयोगी सेना के रूप में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी। और पाकिस्तानी आक्रमणकारियों के खिलाफ लड़ते हुए सैकड़ों हजारों भारतीय सैनिक मारे गए और घायल हुए। इसलिए हमने अपने खून से जो आजादी हासिल की है, उसके लिए हम भारत के खून के कर्जदार हैं। इसे बंगाली राष्ट्र (बांग्लादेश) हमेशा याद रखेगा।

## वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में निवेश गंतव्य की भूमिका निभाने को तैयार नया भारत: निर्मला सीतारमण

**वाशिंगटन।** भारत की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि दुनिया भर में हो रहे बदलावों के बीच वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में नया भारत निवेश गंतव्य की भूमिका निभाने को तैयार है। अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और यूएस- भारत इसे दोगुनी गति से अपना रहा है, जिससे उनका जीवन प्रभावी रूप से आसान हो गया है। सीतारमण ने बताया कि डिजिटलीकरण अभियान में स्थानीय भाषाएं शामिल हैं क्योंकि अधिकांश संवैधानिक भाषाओं की अब भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) प्लेटफॉर्म तक पहुंच है।




भारतीय वित्तमंत्री अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका आई हुई हैं। उन्होंने मेरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा के नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप सेंटर का दौरा किया। वहां वैज्ञानिकों ने उन्हें जानकारी दी कि स्पेस टेलिस्कोप नासा की वेधशाला है जिसे डार्क एनर्जी, एक्सोप्लैनेट और इन्फ्रारेड एस्ट्रोफिजिक्स के क्षेत्रों में आवश्यक प्रश्नों को हल करने के लिए डिजाइन किया गया है। टेलीस्कोप का नाम डॉ. नैन्सी ग्रेस रोमन के नाम पर रखा गया है, जो नासा की पहली महिला कार्यकारी अधिकारी और खगोल विज्ञान की पहली प्रमुख भी थीं। उन्हें हबल स्पेस टेलीस्कोप की जननी के रूप में जानी जाती हैं।

निर्मला सीतारमण ने सऊदी अरब के वित्तमंत्री मोहम्मद अलजादान के साथ भी मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर देने के साथ वैश्विक ऋण संकट और बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। अलजादान ने एक ट्वीट में कहा कि मंत्री निर्मला सीतारमण और उन्होंने जी20 के एजेंडे और दोनों देशों के बीच हुई प्रगति पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि अन्य बातों के अलावा, दोनों नेताओं ने विश्व बैंक के विकास रोडमैप और जी20 इंडिया प्रेसीडेंसी द्वारा गठित बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने पर विशेषज्ञ समूह के बारे में चर्चा की। उन्होंने वैश्विक मुद्रास्फीति के मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विकासशील और कम आय वाले देशों की वृद्धि की संभावनाओं पर किए गए उपायों के स्पिलओवर प्रभाव शामिल हैं। इसके अलावा बढ़ते वैश्विक ऋण संकट से निपटने और सामान्य ढांचे के कार्यान्वयन में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## म्यांमार में विद्रोहियों की सभा पर सेना का भीषण हवाई हमला, अबतक 100 से अधिक की मौत

**बैंकॉक।** म्यांमार में चुनी सरकार को अपदस्थ कर सैन्य शासन लागू करने के बाद से जारी नरसंहार का एक और भयावह चेहरा दुनिया के सामने आया। जब सैन्य सरकार के विरोध में सभा करने वालों पर भीषण हवाई हमला किया गया। सेना के भयानक हवाई हमले में करीब 100 लोग मारे गए। मरने वालों में कई बच्चे भी शामिल हैं। ज्ञात रहे कि फरवरी 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमार में अस्थिरता, दमन और हिंसा जारी है। सेना ने अंग सान सू की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

सेना सशस्त्र संघर्ष कर रहे विद्रोहियों को दबाने के लिए हवाई हमले करती है। तब से अभी तक सुरक्षा बलों के हाथों तीन हजार से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सैन्य तख्तापलट के बाद शुरू हुए संघर्ष के चलते करीब 12 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लड़ाकू जेट से भीड़ पर सीधे बम गिराए गए। आठ बजे एक गांव के बाहर लोग सैनिक सरकार विरोधी आंदोलन के स्थानीय कार्यालय का उद्घाटन करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी थी। जहां सैन्य कार्रवाई की गई है। यह जगह देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से करीब 110 कलोमीटर उत्तर में स्थित है। दो साल पहले म्यांमार में सेना ने सरकार पर कब्जा कर लिया था। इसी को लेकर अब संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने म्यांमार के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए अपनी आवाज उठाई है। उन्होंने म्यांमार के सेनाओं को चेतावनी दी है कि नागरिकों और राजनीतिक नेताओं पर कार्रवाई से सेना के नियोजित चुनाव देश में अस्थिरता को बढ़ा सकते हैं।



संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि महासचिव म्यांमार में सभी प्रकार की हिंसा की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि इससे देश के हालात बिगड़ रहे हैं और ये गंभीर क्षेत्रीय प्रभाव को भी बढ़ावा दे रहा है।

## अमेरिका में जातिगत भेदभाव के मामले में दो भारतीयों के खिलाफ मामला खारिज

**वांशिगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल के दो सिस्को इंजीनियरों के खिलाफ जातिगत भेदभाव का मामला सबूतों के अभाव में खारिज कर दिया गया। इस मामले के ताजा घटनाक्रम की स्थानीय हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने पुष्टि की है। सिस्को और सीआरडी के बीच दो मई को इस संबंध में मध्यस्थता बैठक होनी है। कैलिफोर्निया के नागरिक अधिकार विभाग (सीआरडी) ने सुपीरियर कोर्ट में जाति आधारित भेदभाव के आरोपों का सामना कर रहे सिस्को सिस्टम्स के भारतीय मूल के इंजीनियरों सुंदर अय्यर और रमना कोम्पेला के खिलाफ सुपीरियर कोर्ट में स्वतः खारिज कर दिया गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि भारतीय मूल के दो अमेरिकी नागरिक करीब तीन साल से अंतहीन जांच के भयावह अनुभव का सामना कर रहे थे। सीआरडी ने उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हुए उनपर जातिगत भेदभाव के आरोप लगाए और मीडिया में उन्हें इसके लिए दोषी ठहराया गया, जिसके कारण उन्हें ऑनलाइन अपमान का सामना करना पड़ा। शुक्ला ने कहा कि हमें खुशी है कि (सुंदर) अय्यर और (रमण) कोम्पेला के साथ हमारे दृष्टिकोण को भी सही ठहराया गया है। एचएएफ ने 'यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' में याचिका दायर कर दावा किया था कि सिस्को और इंजीनियरों के खिलाफ कैलिफोर्निया में रहने वाले हिंदुओं के नागरिक अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित सीआरडी का मामला 'असंवैधानिक और गलत' है। जानकारी के अनुसार अय्यर पर जाति के आधार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था, जबकि इस बात के सबूत हैं कि उन्होंने 'जॉनडो' नामक दलित को अच्छे शुरुआती पैकेज पर भर्ती किया था। सुहाग शुक्ला ने कहा कि दो भारतीय-अमेरिकियों ने जांच के लगभग तीन साल के दुःस्वप्न, एक क्रूर ऑनलाइन विच हंट और सीआरडी द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को खराब करने के बाद मीडिया में अपराध की धारणा का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जाति के आधार पर भेदभाव करने में लगे हुए हैं। शुक्ला ने कहा कि हम आश्चर्य हैं कि अय्यर और कोम्पेला को हमारी स्थिति के साथ सही ठहराया गया है कि राज्य को हिंदू और भारतीय अमेरिकियों को उनके धर्म या जातीयता के आधार पर गलत काम करने का कोई अधिकार नहीं है।